हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 19.8 डिग्री

10 मन की बात कार्यक्रम में दुर्ग विधानसभा को प्रदेश में प्रथम

11 संगोष्ठी में जुटे मानस प्रेमी, सुनी रामकथा






न्यु
ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


## खबर संक्षेप

### बैंगल्स दुकान में 50 हजार की चोरी

**भिलाई।** बैंगल्स दुकान में चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध कायम किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि रंगोली बैंगल्स दुकान की खिड़की तोड़कर गल्ले से 50 हजार रुपए चोरी कर फरार हो गया है। घटना 29 अक्टूबर रात की है। घटना सीसीटीवी में कैद हो गया है। जिसमें एक युवक गल्ले से पैसे निकालता नजर आ रहा है। युवक का चेहरा शर्ट से ढका है।चोर खिड़की का कांच तोड़कर दुकान में घुसा था। दुकान संचालक अभिषेक कुमार गुप्ता के मुताबिक 28 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे अपनी दुकान बंद किया था। सुबह कर्मी दुकान खोलने पहुंचा, तो उसने खिड़की का कांच टूटा पड़ा मिला। दुकान का सामान बिखरा हुआ मिला। तुरंत कर्मी ने संचालक को फोन कर घटना की जानकारी दी। खबर लगते ही नेवई पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों का फुटेज खंगाल रही है।

### आदतन अपराधी पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** प्रतिबंधित अवैध हथियार के बड़ते अपराधो की रोकने के लिए एसएसपी के निर्देश पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर भिलाई तीन नुतन चौक मरघट रोड बाडी के पास गतवा तलाब वार्ड 11 निवासी राहूल साहू बटन दार चाकू हाथ मे लेकर लहराते पकड़ा गया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना भिलाई तीन पुलिस की है।

### नशीली दवाओं के साथ युवक हुआ गिरफ्तार

**भिलाई।** नशीली दवाओं के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सीनू इंजीनियरिंग वकर्स के सामने मंगल बाजार छावनी के दो युवक नशीली दवाई टेबलेट बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। इस दौरान जामुल पुलिस ने आरोपी राजीव नगर जामुल बिसनाथ बाघ व अपचारी बालक को घेराबंदी कर पकड़ा गया था। आरोपी से पूछताछ करने पर आरोपी तुषार महानंद का नाम बताया गया। नशीली दवाई अल्फा जोलम टेबलेट 2760 नग 10 हजार 120 रूपये का खरीदी करना स्वीकार किया।

गुरुवार की सुबह हुई घटना, प्रेमिका का भाई सहित दो गिरफ्तार

# 15 दिन के भीतर 10 हत्याएं, खुर्सीपार में हफ्तेभर के अंदर दूसरी हत्या, इस बार प्रेमी को मौत के घाट उतारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई-दुर्ग सहित जिले में हत्या की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। आरोपियों में पुलिस को तनिक भी खौफ नजर नहीं आ रहा। पिछले 15 दिनों में 10 हत्या की घटना हो चुकी है। खुर्सीपार क्षेत्र में हफ्तेभर के अंदर गुरुवार को हत्या की दूसरी घटना सामने आई। प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमी की हत्या करने के मामले में पुलिस ने प्रेमिका के भाई समेत दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मौके से तीन अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए है।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए भेज दिया गया। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि 30 अक्टूबर की सुबह युवती अपने घर पर अकेली थी। तभी मांझी चौक खुर्सीपार निवासी धीरज उर्फ विक्की सरोज (पासवान) उसने मिलने पहुंचा था। ये बात प्रेमिका के परिजन में भाई सिद्धांत चौधरी, सूरज समेत तीन अन्य को जानकारी लगी। पांचों ने मिलकर धीरज की हत्या का प्लान तैयार कर लिया। अचानक युवती के घर पांचो आरोपी पहुंच गए। धीरज को देखते ही इतना पिटाई कर दिया कि उसके शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई थी। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की खबर लगते ही मृतक के परिजन तुरंत पहुंचे तब तक धीरज की मौत हो चुकी थी। युवक और उसकी प्रेमिका का मकान एक ही मोहल्ले में है। घटनास्थल पर फॉरेंसिक की टीम भी पहुंची थी।

**घटना के बाद से मोहल्ले में फैला मातम**



### प्रेमिका उसे बुलाकर अपने घर ले गई, फिर पहुंचे आरोपी

मृतक की मां शोभा सरोज का आरोप है कि युवती ही बेटा धीरज को बुलाकर अपने साथ घर लेकर गई थी। जहां उसे प्लान के तहत हत्या किया गया है। धीरज के सिर पर गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हुई। खुर्सीपार थाना प्रभारी आनंद शुक्ला ने बताया कि दो सिद्धांत, सूरज से पूछताछ करने पर पता चला कि मृतक और युवती के बीच प्रेम-प्रसंग का मामला था। घटना की सुबह युवती की मां बाहर गई हुई थी। भाई भी घर पर नहीं था। अचानक भाई आने पर धीरज और युवती को घर पर देख लिया। फिर धीरज उर्फ विक्की ने कमरे का दरवाजा बंद कर लिया। इसके बाद सिद्धांत ने अपने मामा के बेटो को फोन कर बुलाया। किसी तरह दरवाजा खोलने के बाद पांच युवकों ने मिलकर धीरज की पीट-पीटकर हत्या कर दिया।

### जिले में बढ़ रहा है अपराध पुलिस नहीं रोक पा रही घटनाएं

दुर्ग जिले में 15 दिनों में 10 हत्या के मामले सामने आ चुके है। जिसमे दुर्ग कोतवाली, मोहन नगर, नंदिनी, खुर्सीपार और पाटन थाना प्रमुख है। इन हत्या के मामलों में पुलिस ने सभी आरोपियों तक पहुंच चुकी है। लेकिन जिले में अपराधों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। अपराधों में अंकुश नहीं लग पा रहा है। वह चाहे नशे की हालत में या फिर प्रेम प्रसंग या फिर पुरानी रंजिश के चलते हत्या की घटनाएं हो रही है। अपराधियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे है।



### दो गिरफ्त में, बाकी की तलाश जारी

हत्या प्रेम प्रसंग के चलते हुई है। घटना में दो युवकों को हिरासत में लिया गया है। तीन फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी।

**-आनंद शुक्ला**
थाना प्रभारी खुर्सीपार



# भुईया पोर्टल में छेड़छाड़ करने वाले दो पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भुईया पोर्टल में छेड़छाड़ करने वाले दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना नंदिनी थाना क्षेत्र का है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ग्राम मुरमुंदा के भुईया साफ्टवेयर को हैक कर छेड़छाड़ कर फर्जी तरीके से नंदनी नगर स्थित एसबीआई से 36 लाख रूपये का आहरण किया गया था। नंदिनी पुलिस ने साक्ष्य के आधार पर आरोपी वार्ड 9 सकरौली थाना बारद्ववार जिला शाक्ति निवासी गणेश प्रसाद तम्बोली , वार्ड 10 बाराद्ववार पेट्रोल पंप के पास थाना बारद्ववार जिला शाक्ति अमित कुमार मौर्य का शामिल होना पाया गया। दोनों आरोपियों को पुलिस ने अलग-अलग पुछताछ करने पर गणेश प्रसाद तम्बोली के द्वारा उसके परिचित के अशोक उराव के द्वारा ग्राम मुरमुंदा तहसील अहिवारा के जमीन का रकबा ऑनलाईन भुईया पोर्टल में छेड़छाड़ बढ़ाने के लिए पैसा का ऑफर करना स्वीकार किया। उसके बाद अमित कुमार मौर्य के साथ मिलकर दोनों ने मुरमुंदा के खसरा नंबर 1538/11, 187/04 का भुईया पोर्टल में छेड़छाड़ कर मुरमुंदा के पटवारी का यूर्जर आईडी, पासवार्ड ओटीपी का इस्तेमाल कर छेड़खानी किया गया। फर्जी तरीके से आरोपी सुन्दर नगर वार्ड रायपुर सिलतरा रायपुर निवासी दीनु राम यादव, अछोटी निवासी एस राम बंजारे व अन्य के द्वारा भारतीय स्टैंट बैंक अहिवारा से 36 लाख रुपए का लोन लिया। प्रकरण में पूर्व में आरोपी नंद किशोर साहू की गिरफ्तारी की जा चुकी है।

▪ नंदिनी थाना क्षेत्र में दर्ज हुआ था अपराध

# भिलाई भाजपा जिला संगठन की कार्यकारिणी की घोषणा होगी आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भाजपा जिला संगठन भिलाई की लंबे समय से अटकी नई कार्यकारिणी की घोषणा जल्द होने वाही है। इसे लेकर राजनीतिक हल्कों में चर्चा शुरू हो गई है।

▪ पिछले 10 महीने से अध्यक्ष अकेले संभाल रहे संगठन



खबर है कि प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव और महामंत्री पवन साय की हरी झंडी मिल चुकी है। अब-तब कार्यकारिणी की सूची जारी हो सकती है। बता दें कि पुरुषोत्तम देवांगन पिछले करीब 10 महीने से अकेले जिला संगठन संभाल रहे हैं। अब तक उन्होंने अपनी कार्यकारिणी घोषित नहीं की है। जबकि दुर्ग जिले में कार्यकारिणी की घोषणा पहले ही हो चुकी है।

भाजपा के कई दिग्गज नेताओं की अनुशंसा और अनुमति के आधार पर यह सूची तैयार की गई है। संगठन में 2 महामंत्री, 6 उपाध्यक्ष, 6 मंत्री, एक कोषाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष, एक कार्यालय प्रभारी, सह कार्यालय प्रभारी, कार्यालय मंत्री, सह कार्यालय मंत्री, आईटी, सह आईटी, 2 जिला प्रवक्ता, मीडिया प्रभारी, सह मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारी सहित कुल 32 लोगों की नियुक्ति होनी है।

### कार्यकारिणी की घोषणा जल्द



कार्यकारिणी की घोषणा जल्द होनी है। पार्टी हाई कमान को अंतिम निर्णय लेना है। हमारे तरफ से नामों का चयन कर प्रदेश संगठन को भेजा गया है। वहां से ही सूची जारी होनी है।

**-पुरुषोत्तम देवांगन,** अध्यक्ष भिलाई

# स्मृति नगर पुलिस के सामने चले लात-घूंसे, युवक की पिटाई के बाद सड़क में लगा रहा लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

स्मृति नगर पुलिस एक बार फिर चर्चा में है। स्पा सेंटर में देह व्यापार का मामला सामने आने के बाद बाइक सवार ने कार चालक की बीच सड़क पर जमकर पिटाई कर दी।

घटना के समय पुलिस भी सामने खड़ी थी, लेकिन आसपास के लोगों की मदद से कार चालक की जान बच पाई। नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी। मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार की शाम सूर्या मॉल के ठीक सामने साइड देने को लेकर कार चालक और बाइक सावर के बीच जमकर विवाद हो गया। दोनों तरफ से जमकर लात-घूसे भी चलने लगा। बाइक सवार ने कार चालक को उतार कर सड़क पर जमकर पिटाई कर दी। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी भी घटना के दौरान बीच-बचाव करने में नाकाम दिखे। जिसका वीडियों सोशल मीडिया में भी वायरल हो रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक मॉल के सामने बने चौक पर लेफ्ट टर्न के लिए अलग से एक लेन बनाई गई है। इसी लेन पर युवक अपनी बाइक खड़ी कर दी थी। उसी समय पीछे से एक कार चालक लेफ्ट टर्न लेने के लिए पहुंचा और बार-बार हॉर्न बजाने लगा। काफी देर तक बाइक सवार रास्ता नहीं हटाया, जिससे कार चालक और बाइक सवार के बीच विवाद हुआ। बात बढ़ती गई और देखते ही देखते दोनों में हाथापाई शुरू हो गई। स्मृति नगर पुलिस जवानों के सामने ही बाइक सवार ने कार चालक को सड़क पर पटक कर मारने लगा। यह नजारा को पुलिस देखती रही जब भीड़ ने दोनों के बीच बचाव में पहुंची तक पुलिस बचाव किया।

**वीडियो हो रहा वायरल, सूर्या मॉल के सामने की है घटना**




### सुरक्षा व्यवस्था में फेल हो रही पुलिस, बढ़ रही गुंडई

सूर्या मॉल में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था का पोल खुलने के बाद दूसरी घटना बुधवार की है। जहां कार चालक व बाइक सवार के बीच जमकर विवाद हुआ है।विवाद भी ऐसा की पुलिस जवान सामने खड़े थे मगर हस्तक्षेप करने में आगे नहीं है। पब्लिक ने दोनों के बीच बचाव करने पर पुलिस हस्तक्षेप किया।फिलहाल दोनों पक्षों को समझाइश देकर मामला शांत कराया गया। बताया जा रहा है कि कार चालक आलोक और बाइक सवार दलजीत नामक युवक है। दोनों का वीडियों जमकर वायरल हो रहा है।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर दुर्ग पुलिस ने किया आयोजन

# दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग है जरूरी पुलिस विभाग के अफसरों ने रैली निकालकर दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सुरक्षित और सुगम ट्रैफिक सुनिश्चित करने के लिए हेलमेट जागरुकता रैली का निकाली गई। पुलिस कंट्रोल रूम से निकली रैली ने शहर के विभिन्न स्थानों का भ्रमण करते हुए दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने प्रेरित किया। एसएसपी विजय अग्रवाल ने रैली को हरी झंडी दिखाकर कहा कि दुर्घटना की स्थिति में दोपहिया वाहन चालकों के जीवन बचाने में हेलमेट सबसे ज्यादा उपयोगी है। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हुए सुबह दुर्ग पुलिस की ओर से हेलमेट जागरुकता रैली निकाली। सुबह 9 बजे के आसपास सेक्टर 6 पुलिस कंट्रोल रूम से रैली की शुरुआत हुई। यहां से रैली परिवार चौक, ग्लोब चौक, रोटरी क्लब चौक, सेक्टर 9 चौक, एमडी बंगला चौक, पंथी चौक, डीपीएस चौक, मिराज सिनेमा तिराहा होते हुए ग्लोब चौक से वापस कंट्रोल रूम में संपन्न हुई।




### बैनर, तख्तियों व पंपलेट के माध्यम से दिया संदेश

रैली को एसएसपी विजय अग्रवाल ने एएसपी शहर सुखनंदन राठौर और एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा की मौजूदगी में रवाना किया। रैली में पुलिस और बीएसपी के अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे। ट्रैफिक प्रबंधन मित्र, बाइकर्स और नागरिकों ने हिस्सा लिया। बैनर, तख्तियों और पंपलेट के माध्यम से दोपहिया चालकों को हेलमेट का उपयोग, तेज गति से वाहन न चलाने, रेड लाइट का पालन और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने जैसी ट्रैफिक सुरक्षा सलाह दी गई।

### हेलमेट पहनने के लिए लोगों को किया जागरूक

एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जा रहा है। पुलिस ने हेलमेट जागरुकता रैली का आयोजन किया। इससे लोगों में दोपहिया वाहन चलाने के दौरान हेलमेट पहनने के प्रति जागरूकता आएगी। हेलमेट ही दुर्घटना में बचाव का बढ़िया साधन है। इसके लिए पुलिस द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से लगातार मुहिम चलाया जा रहा है। पेट्रोल पंप संचालकों को बिना हेलमेट किसी को भी पेट्रोल नहीं देने की चेतावनी दी गई है।

### मकान से चोरी करने वाले पुलिस के हत्थे चढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दशगात्र में शामिल होने गए परिवार के मकान में ताला तोड़कर चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि महमरा बांधपारा चौकी अंजोरा निवासी विक्की सेन मकान में ताला जड़कर दशगात्र कार्यक्रम में पाटन गया था। अज्ञात ने दीवाल फांदकर चोरी कर वाहन सीजी 04 क्यूबी 2166 में फरार हो गया। मुखबिर की सूचना पर गश्त के दौरान दीवाल फांदकर चोरी करने वाले को शीतलापारा मकान नंबर 6/744 रायपुर निवासी दीपक वर्मा उर्फ जीतु को पकड़ा गया। आरोपी पकड़े जाने के डर से शिवनाथ नदी ब्रिज नीचे वाहन को खड़ा किया था। आरोपी के निशानदेही पर चोरी में उपयोग किए गए वाहन, सामान जब्त किया गया।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**9300663610, 7489348301**

# राज्योत्सव में नजर आएगी 25 सालों की विकास यात्रा, बिखरेगी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की छटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती के अवसर पर प्रदेश के अन्य जिलों के साथ ही दुर्ग जिला मुख्यालय में भी 2 से 4 नवंबर तक जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आमंत्रण पत्र छपाई एवं वितरण, मंच, स्टॉल, बेरिकेडिंग, सोफा-कुर्सी, माइक, लाइटिंग, सांस्कृतिक दलों एवं कलाकारों के चयन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा, कार्यक्रम स्थल पर वाहन पार्किंग एवं निर्गम स्थल पर यातायात व्यवस्था, अतिथियों हेतु शाल-श्रीफल एवं मोमेंटो की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर फर्स्ट एड किट एवं एम्बुलेंस व्यवस्था, अतिथियों एवं कलाकारों के सत्कार, पानी टैंकर एवं पेयजल की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर जनरेटर की व्यवस्था आदि की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि विभाग के अंतर्गत 25 वर्षों की विकास यात्रा की थीम पर योजनाओं तथा उपलब्धियों की पोस्टर-बैनर अथवा लाइव प्रदर्शन व प्रदर्शनी स्टॉल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। 4 नवंबर को लोक माया की गायन एवं नृत्य प्रस्तुति, स्कूली बच्चों का कार्यक्रम, आद्या सिंह द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, रेणु साहू द्वारा पंडवानी गायन और ज्योति ध्रुव द्वारा म्युजिकल फाउंडेशन गायन व नृत्य की प्रस्तुति होगी। इसके साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

**2 से 4 नवंबर तक पुरानी गंजमंडी में होंगे सांस्कृतिक आयोजन, सरकारी इमारतों में होगी रोशनी**

### महिला समूहों के उत्पादों की लगाई जाएगी प्रदर्शनी

विभागीय स्टॉल 02 नवंबर को दोपहर 12 बजे तक तैयार कर लिए जाएं। प्रदर्शनी में राज्य सरकार की योजना जिससे लोग लाभान्वित हो रहे हैं, प्रदर्शित किए जाएं। वहीं हितग्राही मूलक योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जाए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति में यहां की संस्कृति की झलक हो। कार्यक्रम के दौरान परिसर स्थल की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रत्येक विभागीय स्टॉल में डस्टबिन रखना सुनिश्चित किया जाए।





### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की होगी प्रस्तुति, बच्चे दिखाएंगे हुनर

जिला स्तरीय राज्योत्सव के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति होगी। 02 नवंबर 2025 को सोनाली सेन द्वारा सरगम-ए-म्यूजिकल, आद्या पाण्डेय द्वारा कत्थक, कमलेश कुमार दिल्लीवार द्वारा भरतनाट्यम, स्कूली बच्चों का नृत्य कार्यक्रम, माघवी देवांगन द्वारा भरतनाट्यम, और लोकधारा की गायन एवं नृत्य की प्रस्तुति होगी। 3 को स्वरांजलि संगीत द्वारा हिन्दी बॉलीवुड म्युजिकल, विनय गायकवाड़ द्वारा ओड़िसी नृत्य, स्कूली बच्चों के कार्यक्रम, सृष्टि बिश्वास द्वारा कत्थक, प्रतिमा बारले द्वारा पंडवानी गायन, माटी की महिमा सांस्कृतिक दल द्वारा गायन एवं नृत्य और लोककला मंच द्वारा गायन एवं नृत्य की प्रस्तुति होगी।

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**दुर्ग।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर की भर्ती 2025-26 हेतु ऑनलाईन लिखित परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त प्रशिक्षण रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में 1 नवम्बर को सुबह 6 से 8 बजे तक होगा। जिले के अभ्यर्थी जो अग्निवीर की भर्ती 2025-26 के लिये आयोजित ऑनलाइन परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा के पूर्व प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक हैं। वे निर्धारित तिथि और समय पर रविशंकर स्टेडियम में उपस्थित होकर प्रशिक्षण ले सकते हैं।

### पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को मिलेगा आधिपत्य पत्र

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में बनाए गए आवास गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए आशा की नई किरण बन रहे हैं।निगम सीमा के अंतर्गत गणपति विहार, सरस्वती नगर और माँ कर्मा साइट पर एएचपी घटक अंतर्गत निर्मित आवासों का लाभ लगातार हितग्राहियों को मिल रहा है। इन स्थलों से बड़ी संख्या में पात्र आवेदनों की प्राप्ति हो रही है। पात्र हितग्राहियों के बीच पारदर्शिता बनाए रखने हेतु प्रत्येक माह लॉटरी प्रणाली के माध्यम से आवास आवंटन किया जाना है। इस माह भी लॉटरी निकालकर चयनित 07 हितग्राहियों को आवास का आधिपत्य प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। महापौर अलका बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर तथा कार्यपालन अभियंता एवं नोडल के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इसमें 4 हितग्राहियों को गणपति विहार, 1 को सरस्वती नगर तथा 2 हितग्राहियों को माँ कर्मा साइट पर आवास का अधिकार प्रदान किया गया। आवंटन से पूर्व सभी हितग्राहियों ने निर्धारित अंशदान राशि निगम कोष में जमा की। इसके बाद उन्हें विधिवत रूप से आधिपत्य प्रमाण पत्र सौंपे गए।

### उच्च शिक्षामंत्री टंकराम वर्मा साइंस कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में हुए शामिल

# प्रश्न करना ज्ञान की पहली सीढ़ी, इससे ही मानसिक विकास, राजा दशरथ के समय से यह हमारी परंपरा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

**नई शिक्षा नीति को लेकर विशेषज्ञों ने किया मंथन, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया**

छत्तीसगढ़ की भारतीय ज्ञान परंपरा-सृजन और संरक्षण की अंतर्यात्रा विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन साइंस कॉलेज के सभागार में आयोजित किया गया। उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा प्रमुख रूप से शामिल हुए। टंक राम वर्मा ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव है। छत्तीसगढ़ की स्मृति और भारतीय संस्कृति दोनों ही अत्यंत समृद्ध हैं।

हमारी मूल अवधारणा अतिथि देवो भवः और वसुधैव कुटुम्बकम के भाव पर आधारित है। भारतीय सभ्यता विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक है, जो भौगोलिक या राजनीतिक सीमाओं से नहीं, बल्कि अपनी ज्ञान परम्पराओं और आध्यात्मिक मूल्यों से पहचानी जाती है। उन्होंने कहा कि भारत की परम्पराएं केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं हैं, बल्कि जीवन जीने की दिशा भी प्रदान करती हैं। उन्होंने वेद, उपनिषद, आयुर्वेद, ज्योतिष, खगोलशास्त्र, गणित और दर्शन जैसे विषयों की समृद्ध परम्परा का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परम्पराओं का आधार आध्यात्म, नैतिकता और व्यवहारिकता है। प्राचीन गुरुकुलों में शिक्षा का लक्ष्य केवल आजीविका नहीं, बल्कि व्यक्ति के भीतर चरित्र, अनुशासन और समाज के प्रति समर्पण का संस्कार स्थापित करना था।





### नई शिक्षा नीति रोजगार, संस्कृति और अध्यात्म को जोड़ने वाली, इस बात को हर वर्ग तक पहुंचाना आवश्यक

वर्मा ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 इसी परम्परा को आधुनिक रूप में आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच पर आधारित यह नई नीति शिक्षा को रोजगार, संस्कृति और अध्यात्म से जोड़ने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि आज का सृजन ही कल के विश्वगुरु भारत का आधार बनेगा। उन्होंने सभी शिक्षकों से आह्वान किया कि वे ज्ञान परम्परा के सबसे बड़े संरक्षक और सृजनकर्ता बनें। उन्होंने कहा कि प्रश्न करना ही ज्ञान की पहली सीढ़ी है। प्रश्न करने से ही ज्ञान में वृद्धि होती है। राजा जनक के दरबार में भी सवाल और विचार-विमर्श ही ज्ञान का आधार थे। भारतीय विद्वानों का उल्लेख करते हुए वक्ता ने कहा कि आर्यभट्ट के शून्य और दशमलव पद्धति से लेकर कालिदास, तुलसीदास, कबीर, रहीम और मीराबाई की रचनाओं तक भारत की ज्ञान परम्परा ने विश्व को नई ऊंचाइयां दी हैं।

### भारत की शिक्षा पद्धति बुद्धिमान बनाने के साथ विवेकवान, संस्कृति को सहेजने वाला बनाती है

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 मनुष्य को केवल बुद्धिमान ही नहीं बल्कि विवेकवान बनाती है और यह भारतीय संस्कृति को उसकी जड़ों से जोड़े रखने का माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है वर्ष 2047 तक भारत को विकसित, सक्षम और स्वच्छ राष्ट्र बनाना। इस दिशा में केन्द्र और राज्य सरकार भी सक्रियता से कार्य कर रही है और यह लक्ष्य तभी संभव होगा जब हम सभी मिलकर कार्य करें। इस अवसर पर साइंस कॉलेज के प्राचार्य अजय कुमार सिंह, संयोजक डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी, हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति डॉ. संजय तिवारी, महेन्द्र कपूर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### राज्य स्थापना दिवस पर 4500 से अधिक आवासों में होगा गृह प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस रजत महोत्सव 2025 के अवसर पर जिले के हजारों हितग्राहियों को एक साथ अपने सपनों के गृह में प्रवेश मिलने जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत पूरे प्रदेश में 1 नवम्बर को सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राज्य स्तरीय मुख्य समारोह नवा रायपुर, अटल नगर में आयोजित होगा, जहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराएंगे। यह क्षण उनके जीवन का उत्सव होगा। जिला पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 1 नवम्बर को 4500 से अधिक आवासों में गृह प्रवेश किया जाएगा। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के सभी ग्राम पंचायतों में पारंपरिक उत्सवमय वातावरण रहेगा। नवनिर्मित घरों को दीपों से सजाया जाएगा, रंगोलियों से आंगन सुसज्जित होंगे, और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हितग्राही अपने-अपने नए घर में प्रवेश करेंगे। कार्यक्रम के दौरान आभार पत्र, स्मृति चिन्ह एवं खुशियों की चाबी भी प्रदान की जाएगी। कलेक्टर अभिजीत सिंह और सीईओ बजरंग दुबे ने बताया कि यह सामूहिक गृह प्रवेश केवल ईंट और गारे का उत्सव नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवन में स्थायित्व, सम्मान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है एक सशक्त छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में ऐतिहासिक कदम।

# डिजिटल क्रॉप सर्वे और गिरदावरी सत्यापन के लिए अब 30 नवंबर तक का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

जिले के साथ-साथ समस्त राज्य के किसानों के लिए अच्छी खबर है। शासन के निर्देश पर होने वाले डिजिटल क्रॉप सर्वे और गिरदावरी सत्यापन की अवधि 31 अक्टूबर से बढ़ाकर 30 नवंबर तक कर दी गई है। इस प्रकार एक महीने का अतिरिक्त समय दिया गया है।इससे किसानों को राहत मिलेगी। बीजेपी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विनायक ताम्रकार ने बताया कि इस विषय को लेकर प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की गई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने किसानों की समस्या को जानते हुए समस्या का निराकरण कराया। एक महीने का अतिरिक्त समय उपलब्ध कराया। उन्होंने कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप का भी आभार व्यक्त किया है। साथ ही एग्रीस्टैक पंजीयन की भी समय सीमा बढ़ाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जो किसान छूट गए हैं, उन सभी का पंजीयन करने का मौका दिया जाए। इससे किसानों को बढ़ी राहत मिलेगी।



■ बीजेपी किसान मोर्चा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का माना आभार

### एफसीआई में श्रमदान कर की गई सफाई, स्वच्छता का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

भारतीय खाद्य निगम मंडल कार्यालय ने भारत सरकार के निर्देशानुसार 2 से 31 अक्टूबर 2025 तक आयोजित स्वच्छता ही सेवा विशेष अभियान 5.0 को सफल बनाया। इस एक माह के विशेष अभियान के तहत कार्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सफाई आधारित श्रमदान गतिविधियां आयोजित की गईं। अभियान का मुख्य उद्देश्य कार्यालय में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण को सुनिश्चित करना और कर्मचारियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। अभियान के दौरान, कार्यालय, भाखानि डिपो और एसडब्ल्यूसी में सफाई की गुणवत्ता में सुधार, कचरे के उचित निपटान और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। मंडल प्रबंधक नन्नुरु अशोक कुमार रेड्डी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने और इसे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया। उन्होंने अभियान के सफल आयोजन में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के सक्रिय सहयोग की सराहना की।

■ 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाया जा रहा अभियान

# मन की बात कार्यक्रम में दुर्ग विधानसभा को प्रदेश में प्रथम



हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 127वें एपिसोड को लेकर दुर्ग विधानसभा क्षेत्र ने पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि पर मंत्री गजेन्द्र यादव ने भारतीय जनता पार्टी दुर्ग के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को लेकर दुर्ग शहर के भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह रहता है। प्रत्येक माह समाज के विभिन्न वर्गों के साथ बैठकर इस संवाद को सुनने की परंपरा दुर्ग में बनी है। गजेन्द्र यादव स्वयं जनसंपर्क एवं सार्वजनिक आयोजनों के माध्यम से आमजन को मन की बात सुनने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल विचारों का आदान-प्रदान है, बल्कि यह देश के युवाओं, वैज्ञानिकों, किसानों, महिलाओं और जनसाधारण के नवाचारों और सफल प्रयासों को उजागर करने का एक प्रेरणादायी माध्यम है। इस संवाद में बदलते भारत की तस्वीर, विज्ञान, तकनीक, कौशल विकास और सामाजिक समरसता के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हो रहे प्रयासों की झलक मिलती है, जो भावी कार्ययोजनाओं के निर्धारण में दिशा प्रदान करती है। दुर्ग विधानसभा की यह उपलब्धि भाजपा कार्यकर्ताओं की निष्ठा, सक्रियता और समाज के प्रति समर्पण का प्रतिफल है। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, जिला प्रभारी संतोष सोनी, रजा खोखर, राहुल पंडित, आसिफ़ अली सैय्यद, बंटी चौहान, मनमोहन शर्मा, कौशल साहू, महेन्द्र लोढ़ा, कमलेश फेकर आदि मौजूद थे।

■ मंत्री गजेन्द्र यादव ने कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

### सरदार वल्लभ भाई पटेल फाउंडेशन आज मनाएगी लौह पुरुष की जयंती

**दुर्ग।** सरदार वल्लभ भाई पटेल फाउंडेशन द्वारा 31 अक्टूबर को लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती शिवाजी पार्क मैरिज रिजॉर्ट बोरसी चौक पोटिया रोड में मनाई जाएगी। जयंती कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शुरु होगा। कार्यक्रम में सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा देश की आजादी में योगदान और भारत में एकता स्थापित करने किए गए कार्य पर वक्ताओं द्वारा प्रकाश डाला जाएगा। सरदार वल्लभ भाई पटेल फाउंडेशन के अध्यक्ष गिरधर मढ़रिया ने बताया कि सरदार पटेल ने देश के 562 रियासतों को जोड़कर भारत देश को अखंड भारत बनाने का कार्य किया। आज आवश्यकता इस बात की है कि उनके विचारधाराओं पर चलकर खंडित समाज, शोषित पीड़ति समाज को एकजुट कर सक्षम और तेजस्वी ओजस्वी समाज बनाना है और इसके लिए हम सब मिलकर सरदार पटेल की जयंती के उपलक्ष्य पर संकल्प ले कि अब यह समाज लाचार और शोषण नहीं बल्कि सक्षम समाज बने। अक्षम समाज सक्षम नेतृत्व पैदा नहीं कर सकता है। मढ़रिया ने जयंती कार्यक्रम में फाउंडेशन के सदस्यों के अलावा लोगों से शामिल होने की अपील की है।



# एमएससी के स्टूडेंट्स ने किया इंडस्ट्रियल एरिया का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

साइंस कॉलेज के प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा विगत एबीआईएस में औद्योगिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण में एमएससी प्राणीशास्त्र के 48 विद्यार्थी एवं 5 संकाय सदस्य शामिल हुए। भ्रमण का नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ. दिव्या के. मिन्ज ने किया। उनके साथ डॉ. नीरू अग्रवाल, डॉ. संजू सिन्हा, सुदेश साहू एवं गोपाल वर्मा भी उपस्थित रहे। इस दौरान विद्यार्थियों ने पोल्ट्री फीड, श्रिम्प फीड तथा मछली फीड उत्पादन इकाइयों का अवलोकन किया। जहां उन्हें पशु आहार के निर्माण की वैज्ञानिक प्रक्रियाओं, गुणवत्ता नियंत्रण एवं पैकेजिंग की जानकारी दी गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने राइस ब्रान ऑयल प्रोसेसिंग इकाई का भ्रमण कर तेल निर्माण की तकनीकी एवं शुद्धिकरण प्रक्रिया को समझा। इस भ्रमण से विद्यार्थियों को पशु पोषण, औद्योगिक उत्पादन, रोजगार एवं अनुसंधान के क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। कार्यक्रम राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान रूसा योजना के अंतर्गत प्राप्त निधि से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विभागाध्यक्ष डॉ. दिव्या के. मिन्ज ने बताया कि विभाग भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार के शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमणों का आयोजन निरंतर करता रहेगा।

■ विद्यार्थियों ने जाना उत्पादन प्रक्रिया को

**कांग्रेसियों ने दाऊ वासुदेव चंद्राकर की पुण्यतिथि पर आयोजित किए कार्यक्रम**

# दाऊ वासुदेव 30 साल तक अविभाजित दुर्ग जिले के अध्यक्ष रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

**राजीव भवन शनिचरी बाजार में अर्पित की गई श्रद्धांजलि**




दुर्ग में जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग शहर जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई नगर ने संयुक्त रूप से दुर्ग जिले के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक व 30 साल तक दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष रहे दाऊ वासुदेव चंद्राकर की 18वीं पुण्यतिथि मनाई। सर्वप्रथम मालवीय नगर चौक में स्थित दो वासुदेव चंद्राकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समस्त कांग्रेसियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद राजीव भवन में उनका तैलय चित्र स्थापित किया गया। जिले के वरिष्ठ कांग्रेसियों ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने उन्हें नमन किया।

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि गांव वासुदेव चंद्राकर बहुत ही अलग स्वभाव के नेता रहे। जिले में 30 साल तक जिला अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने कांग्रेस का नेतृत्व किया। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रहते हुए भी किसानों के मुद्दे हो या पार्टी के कोई भी मुद्दे हो वह विपक्ष के साथ-साथ पार्टी में भी मुखर नेता की पहचान बनाई इसलिए उन्हें सिर्फ छत्तीसगढ़ नहीं मध्य प्रदेश की राजनीति में उन्हें चाणक्य कहा जाता था। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा की दवा वासुदेव चंद्राकर जी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ साथ जिले के कई नेता के आदर्श और राजनीतिक गुरु रहे। संगठन में उनके द्वारा किए गए कार्यों को स्मरण करते हुए आत्मसात करते हुए हम भी उनके आदर्शों का पालन करते हुए कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा दाऊ संगठन में बहुत ही मजबूत नेतृत्व करते थे। पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि दाऊ विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने संगठन और कांग्रेस की मजबूती के लिए काम किया। हर वर्ग को जोड़ा, किसान और ग्रामीण परिवेशन में रहने वालों के उत्थान के लिए अनेकों का काम किया। कार्यक्रम को पूर्व विधायक बदरुद्दीन कुरैशी, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू और भिलाई जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, विशाल देशमुख ने संबोधित किया। आभार प्रदर्शन पूर्व विधायक का प्रतिमा चंद्राकर ने किया। संचालन प्रवक्ता नासिर खोखर ने किया। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा,पूर्व महापौर शंकर लाल ताम्रकार, राजेंद्र साहू, जितेंद्र साहू, रिवेंद्र यादव, देवेंद्र देशमुख, संजय कोहले, राजेश यादव, राजकुमार पाली सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### पूसऊ राम तहसील साहू संघ में लगातार दूसरी बार अध्यक्ष

**अंडा।** तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण जिला दुर्ग के त्रिवार्षिक आम चुनाव में पूसऊ राम साहू लगातार दूसरी बार अध्यक्ष चुने गए। उन्हें 59 वोटो से विजयी घोषित किया गया। वहीं संगठन सचिव (पुरुष) सुमिरन साहू, संगठन सचिव (महिला) द्रोपती साहू निर्विरोध, उपाध्यक्ष (पुरुष) जागेश्वर साहू निर्विरोध एवं उपाध्यक्ष (महिला) लक्ष्मी साहू 192 मतों से विजयी हुए।पूसऊ राम साहू के दूसरी बार अध्यक्ष बनने और अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन पर पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती रमशिला साहू, पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा पुरेन्द्र साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।
चुनाव संपन्न कराने में जिला से राम खिलावन साहू, मनोज साहू, योगराम साहू का विशेष सहयोग रहा। दुर्ग ग्रामीण तहसील का त्रैवार्षिक आम चुनाव बहुत ही सामाजिक समरसता एवं शांतिपूर्वक वातावरण में संपन्न होने के लिए चुनाव अधिकारी दिलीप साहू ने सभी सामाजिक मतदाता भाइयों एवं बहनों को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। चुनाव में सह चुनाव अधिकारी यतिस साहू समन्वय जिला साहू संघ दुर्ग एवं पर्यवेक्षक सुनील साहू छात्रावास अधीक्षक जिला साहू, श्रीमती मंजू साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग, कृष्णा प्रसाद साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग और दिव्या कलिहारी उपाध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग की उपस्थिति में आज संपन्न हुआ।

### निधन

#### विनीता खेतान



**दुर्ग।** पद्मनाभपुर दुर्ग निवासी विनीता खेतान का निधन 30 अक्टूबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 31 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे निज निवास से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे विनीत खेतान की पत्नी एवं तनय खेतान की मां थीं।

**न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
संदर्भः- जिला-दुर्ग तहसील- **भिलाई-3** प.ह.न. - 00011 **जंजगिरी** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- **RD202526430216300002**

**// ईश्तहार //**

तहसील भिलाई - 3 के प.ह.न. 00011 के अंतर्गत ग्राम **जंजगिरी** के वर्तमान भूमिस्वामी टी काल्लम्मा पिता/पति- **टी सूर्यनारायणा पता-बी एम वाय चरोदा** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 609/1 (1.1040) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता **कुमारी टी भानूप्रिया पिता/पति-टी तारकेश्वर पता-गुरुद्वारा के सामने, पंचशील नगर चरोदा, तह भिलाई 03, जिला दुर्ग छ.ग. कुमारी टी रीना पिता/पति - टी तारकेश्वर पता-गुरूद्वारा के सामने, पंचशील नगर चरोदा, तह भिलाई 03, जिला दुर्ग छ.ग. कुमारी टी दिव्या पिता/पति-टी तारकेश्वर पता-गुरूद्वारा के सामने, पंचशील नगर चरोदा, तह भिलाई 03, जिला दुर्ग छ.ग.** के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **07/11/2025** को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय **न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक **24/10/2025** को जारी किया जाता है।

मुहर
**तहसीलदार : RAVI VISHWAKARMA**
**उप तहसील - भिलाई-3**

# विद्वान सज्जन व्यक्ति अपनी और दुर्जन व्यक्ति दूसरों की कमी ढूंढते हैं : चतुर्वेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

लूणी बाई केला फ्रंट परिसर में श्री मद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ जारी है। दूसरे दिन आचार्य पंडित हरीश चतुर्वेदी ने भक्तों को दुखों से मुक्त सुकून भरे जीवन पथ से अवगत कराया। प्रारंभ में यजमान मीठालाल प्रकाश पूजा केला सहित भक्तों ने भागवत भगवान की पूजा अर्चना की। आचार्य श्री ने कपिलोप्रख्यान शिव सती चरित्र ध्रुव चरित्र पर प्रकाश डाला।भागवत कथा श्रवण करने भानुप्रताप, बेमेतरा, गुण्डरदेही, जामगांव आर, सूरत और बेलहारी आदि स्थानों से भागवत भक्त लाभान्वित हुए।

आचार्य श्री ने कहा कि कलयुग में आलसी प्रवृति के लोग अधिक मिलते है।पुरुषार्थ किए बिना फल तीव्रता से चाहते है जो मिलता नहीं तब भाग्य को कोसने लग जाते है। भगवान भक्तों भाग्य का निर्माण पुरुषार्थ से ही संभव है सही दिशा में पुरुषार्थ करो सही परिणाम का आना तय है। भगवान भी उन्हीं भक्तों से अधिक प्रेम करते है जो सही दिशा में पुरुषार्थ करते है। आचार्य श्री ने कहा कि भाग्यवान को भागवत कथा श्रवण करने का अवसर मिल पाता है भागवत कथा श्रवण करने से जीवन सार्थक होता है मरने के बाद आत्मा का कल्याण भी करती है। भागवत श्रवण करने वाले अच्छे होते है तब व्यास पीठ से अमृत वाणी भी बड़े उत्साहित ढंग से रसपान करा पाती है।

## श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ में उमड़ रहे भक्तजन

### सत्संग से दासी पुत्र नारद मुनि बन गए

आचार्य श्री ने कहा कि चातुर्मास में संत विचरण नहीं करते एक जगह रहकर भजन कीर्तन भक्ति में लीन हो जाते है संगत में आने वाले भक्तों को कल्याणकारी मार्ग बताते है ।एक चातुर्मास में दासी पुत्र नारद को सेवा सत्संग का अवसर मिला इस सत्संग ने दासी पुत्र का भाग्य ही बदल दिया वे अगले भव में नारद मुनि बनकर विचरण करने लगे। भागवत भगवान का कथा श्रवण कर आत्मकल्याण की मार्ग में चलने के लिए कृतसंकल्पित हो जाएं।इस सत्संग का लाभ उठाए।



### सज्जन विद्वान व्यक्ति अपनी कमियां ढूंढते हैं

भगवताचार्य ने कहा कि विद्वान सज्जन व्यक्ति अपनी कमियां ढूंढकर उसे दूर करने का सचेष्ट प्रयास करते है। वहीं दूसरी ओर दुर्जन व्यक्ति अपनी कमियों पर पर्दा डालकर अपने आपको सज्जन व्यक्ति बताने का असफल प्रयास करते रहते है । भागवत कथा श्रवण में मीठालाल केला चंदा राठी भानुप्रतापपुर, बसंती राठी महासमुंद, तारा राठी बालोद, पवन अरुणा गांधी बेमेतरा, प्रीति चांडक धमतरी, प्रकाश पूजा केला, मुरलीधर राठी, पृथ्वी राज राठी, नरेश केला, रमेश रेखा आदि उपस्थित थे।

### मोबाइल ने मेल मिलाप प्रेम छीना

आचार्य श्री ने कहा कि मोबाइल का सही उपयोग करे तो वरदान साबित हो सकती है लेकिन इन दिनों उपयोग कम दुरुपयोग ज्यादा होने लगा है।घर में जितने आदमी उतने या उससे भी अधिक मोबाइल और सब अपने मोबाइल में घंटों खोए रहते है परिवार की सुव्यवस्था के लिए आपस में बात करने का समय नहीं बच पाता तो मेल मिलाप प्रेम निरंतर घटते चले जाता है जो किसी के हित में नहीं है।आचार्य श्री ने कहा कि किसी भी कार्य में अति वर्जित है।

## व्यवस्था : छायादार शेड और चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध

# पाटन नगर पंचायत का गोठान बन गया मिसाल, दूर-दूर से देखने आ रहे हैं लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

**250 गायों की देखभाल की जाती है यहां, रोजना दिया जा रहा ताजा चारा और साफ पानी**






नगर पंचायत पाटन का गोठान अब पूरे क्षेत्र के लिए आदर्श उदाहरण बन गया है। यहां की व्यवस्था इतनी बेहतर है कि आसपास के गांवों और अन्य पंचायतों से लोग विशेष रूप से इस गोठान को देखने पहुंचते हैं। इस आदर्श गोठान की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने अपने निजी खेतों की पैरा दान किया है और रोज सुबह गोठान को देखने जाते है वहां के कर्मचारियों को पूछता है अगर कोई कमी है तो तूरता बताना आपको बता दे की गोठान में वर्तमान में लगभग 250 गायों की देखरेख की जा रही है। नगर पंचायत प्रशासन ने इनके लिए पर्याप्त चारे और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की है। हर गाय के लिए रोज़ाना ताज़ा चारा और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जाता है। गोठान परिसर में सफाई, छायादार शेड और पशुओं की चिकित्सा सुविधा भी नियमित रूप से संचालित की जा रही है, जिससे गायों को किसी भी तरह की परेशानी न हो। अध्यक्ष योगेश निक्की भाले का कहना है कि गाय हमारी संस्कृति की आत्मा हैं, इसलिए उनकी सेवा हमारा कर्तव्य है। उन्होंने आगे बताया कि गोठान न केवल पशुपालन का केंद्र है, बल्कि यह ग्रामीण आजीविका और स्वच्छता अभियान का भी महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है।

गोठान से प्राप्त गोबर का उपयोग वर्मी कंपोस्ट और जैविक खाद बनाने में किया जा रहा है, जिससे नगर की हरियाली और किसानों को भी लाभ हो रहा है। यहां आने वाले आगंतुक इसकी व्यवस्था देखकर प्रभावित हो रहे हैं और अन्य पंचायतों को भी पाटन के इस गोठान की तर्ज पर कार्य करने की प्रेरणा मिल रही है।

नगरवासियों का कहना है कि योगेश निक्की भाले की यह पहल पाटन के विकास और गौसेवा दोनों का अनूठा संगम है। यह गोठान अब न केवल पाटन की पहचान बन गया है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक आदर्श गोठान मॉडल के रूप में उभर रहा है। गोठान में काम कर रही महिलाओं ने बता की कचाड़ा को इकाक्कत कर के अधूनी मशीन के माध्यम से कचाडा को पूरे तरहा साफ कर हम लोग अधिक पैसा काम रहे है और गोठान को हार भरा और वृक्ष फल फूल लगाए गए है गौवास के साफ पानी की सुविध रोजाना होता है और हरा भरा चारा भी दिए जाते है पाटन के गोठान को रोजाना देखने को आते रहते है।

## अंचल की खबरें

### तेजेश्वरी को डाक नायक का राष्ट्रीय सम्मान



**उतई।** भारत सरकार के संचार विभाग द्वारा चयनित लोगो को डाक नायक पुरस्कार प्रदान किया गया। जिसमे ग्राम डुंडेरा के पोस्ट मास्टर तेजेश्वरी वैष्णव का चयन किया गया है। ज्ञात है कि तेजेश्वरी वैष्णव पोस्ट मास्टर के रूप में 30 वर्षो से ग्राम सहित डुंडेरा पोस्ट के अंतर्गत आने वाले ग्रामो में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। उनका चयन डाक नायक के रूप में हुआ और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के हाथों सम्मानित किया गया है।भारत सरकार द्वारा सम्मान मिलने पर ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। सम्मान प्राप्त उपरांत निवास आगमन पर जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने पोस्ट मास्टर को शॉल श्रीफल भेंट कर बधाई दी और उनका सम्मान किया। इस दौरान पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने कहा कि पोस्ट मास्टर तेजेश्वरी वैष्णव का सम्मान गांव के लिए गौरव की बात है, तेजेश्वरी एक कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी है वे विभागीय योजनाओं को आसानी से ग्रामीणों तक पहुचाती है। इस अवसर सांसद प्रतिनिधि इंद्रजीत सोनी, पत्रकार पवन बंजारे, समाजसेवी चंदूलाल गायकवाड़, जोरातराई के छाया पार्षद मनोज बंजारे, अजय साहू, ईश्वर साहू और योगेश फेकर उपस्थित थे।

### आलबरस में धूमधाम से मनाया मातर



**निकुम।** विकासखंड दुर्ग के ग्राम आलबरस में भव्य मातर उत्सव हुआ। जिसमें सभी ग्राम वासी उत्साह से शामिल हुए। सरपंच व पूर्व सैनिक भुवन लाल देशमुख ने इस अवसर पर कहा कि गांव में संस्कृति और श्रद्धा का संगम देखने को मिलता है, सब मिलकर गांव का विकास करेंगे। सुबह यादव बंधु पारंपरिक वेशभूषा के साथ दोहा नृत्य करते हुए गांव गली में भ्रमण किया। जहां शीतला माई मंदिर में बैरंग, ध्वजा लेकर गांव के किसान की अच्छी फसल व सभी के लिए आशीर्वाद लेकर गौठान पहुंचकर खुडहरदेव व मातर की पूजा अर्चना की। वही गौठान में गौ माता के पैर से कद्दू को तुड़वाया किया। गोठान में खीर प्रसादी का बांटी गई, वही इस अवसर पर अंडा निकुंम भाजपा मंडल अध्यक्ष लीकेश्वर देशमुख, महामंत्री पुरण देशमुख ,सेवा सरकारी समिति अध्यक्ष आलबरस प्रताप यादव सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## संगोष्ठी में जुटे मानस प्रेमी, सुनी रामकथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



मानस सुधा परिवार जिला दुर्ग, तुलसी मानस मंडली, शीतला मानस मंडली एवं समस्त ग्राम वासी अछोटी जिला दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय मानस संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम एवं आसपास ग्राम के रामकथा रसिक श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण लाभ लिया। संगोष्ठी में मानस सुधा परिवार के सदस्यों के साथ-साथ दुर्ग, बालोद, राजनादगाँव, बेमेतरा एवं भाटापारा जिला से कथा वक्ताओं का भी आगमन हुआ।

पूजा-पाठ व दीप प्रज्वलन सुबह 9:00 बजे ग्राम पंचायत अछोटी के सरपंच झन्ना दिल्लीवार मुख्य आतिथ्य, पं. महेन्द्र पाण्डेय अण्डा निवासी ने सम्पन्न कराया। संगोष्ठी का मंगलाचरण तुलसी मानस मंडली अछोटी द्वारा किया गया। पश्चात मंच पर प्रथम वक्ता के रूप में आचार्य पं. महेंद्र पाण्डेय रामचरितमानस के प्रसंग पर अपनी सारगर्भित चिंतन प्रस्तुत किया। द्वितीय वक्ता के रूप में दुर्ग जिला के श्री समर्पण ज्ञान गंगा मानस मंडली रिसामा के सुप्रसिद्ध गायक एवं व्याख्याकार श्रीकुमार सिंह पाल ने भजन गायन के साथ अरण्य कांड के पावन प्रसंग- ₹ईश्वर जीव भेद₹ पर व्याख्यान दिया फिर क्रमशः सागर दास मानिकपुरी, रेखराम साहू मूलचन्द साहू, जीवन साहू, पूनाराम साहू, लल्लू राम वर्मा, हरखन देशमुख, झालसिंह पटेल (भाटापारा), बलराम साहू (धर्मी), राजेन्द्र देशमुख, राजेन्द्र साहू, जोहन लाल साहू एवं विनोद साहू भिंभौरी आदि वक्ताओं ने रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए। जीवन साहू, के के सिन्हा, मेघनाथ सेन, टेकराम, खोमेश्वर वैष्णव, लिलार सिन्हा (चैनगंज), धनुष यादव, दशेन्द्र साहू, नंदकुमार साहू एवं हेमलाल साहू ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। तबले पर देवनारायण सर्पे, टी आर सार्वे, कनिष्क वैष्णव, प्रखर साहू, महेंद्र साहू, गोविन्द साहू एवं नेतराम देशमुख ने संगत की। राजेन्द्र देशमुख एवं कामदेव साहू ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। सभी वक्ताओं, संगीत साधकों, श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त सागर दास मानिकपुरी ने किया।

## राज्योत्सव स्थापना एवं मंडई मेला समारोह औंधी में कल, आएंगे भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

बहुउद्देशीय आयोजन समिति, ग्राम पंचायत औंधी एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से लगातार 25 वां वर्ष ग्राम औंधी में छत्तीसगढ़ राज्योत्सव स्थापना दिवस एवं मंडाई मेला का आयोजन किया जा रहा हैं। ग्राम औंधी एक मात्र ऐसा गांव है जहां छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद से लगातार छत्तीसगढ़ राज्योत्सव स्थापना दिवस मनाते आ रहा हैं। इस वर्ष छत्तीसगढ़ राज्योत्सव का 25 वां वर्ष रजत जयंती के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 से कलश यात्रा गांव भ्रमण, दोपहर 12 बजे गांव के देवी देवताओं की पूजा अर्चना एवं प्रसाद वितरण, दोपहर 2 बजे से महिलाओं व बच्चों का खेलकूद, शाम 6 बजे से स्कूली बच्चों का रिकार्डिंग डांस, रात 8 बजे से अतिथि आगमन ,पुरस्कार वितरण, अतिथि उद्धबोधन एवं सम्मान समारोह होगा। इसी कड़ी में पत्रकारों का सम्मान किया जायेगा और रात्रि 10 बजे से छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध नाच पार्टी फुल मोगंरा ग्राम बामी सूरजपुरा जिला कबीरधाम वालों की भव्य प्रस्तुति होगी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक पाटन होंगे। अध्यक्षता राकेश ठाकुर अध्यक्ष दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस कमेटी, विशिष्ट अतिथि आशीष वर्मा पूर्व ओ एस डी मुख्यमंत्री,,संतोषी तिवारी प्रवक्ता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाटन, थानेश्वर यदु अध्यक्ष करसा मंडल कांग्रेस कमेटी, परदेशी राम देशलहरे सरपंच ग्राम पंचायत औंधी , दीपक चंद्राकर उपसरपंच ग्राम पंचायत औंधी उपस्थित रहेंगे।

### दीपावली मिलन समारोह में हुआ जैन श्री संघ का गठन



**कुम्हारी।** विगत दिनों जयचंद वैद के निवास में कुम्हारी जैन श्री संघ द्वारा दिवाली मिलन समारोह का आयोजन समाज के द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों का गठन भी किया गया। इसमें सर्वसम्मति से जयचंद वैद को अध्यक्ष, माणक चंद सेठिया को उपाध्यक्ष, रवि जैन को सचिव एवं शांतिलाल जैन को सहसचिव बनाया गया। कोषाध्यक्ष के पद पर अमित जैन की नियुक्ति की गई। कार्यकारिणी सदस्यों में मुख्य रूप से दिनेश सुराना, राजेन्द्र मुथा, जागेश वैद, बंशल टाटिया, तनय जैन, राजकुमार वैद, मीठा लाल जैन, अशोक बोहरा, प्रकाश जैन, सुनील डागा, भूपेंद्र जैन, नीलेश जैन, अशोक वैद, अर्पण कोराडिया, अरुण वैद, ललित कोठारी, तरुण जैन एवं राकेश वैद शामिल हैं।


## बिजनेस साइट

## ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट




**दुर्ग।** पूरे शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64बी, प्रिया श्रृंगार सदन के सामने अपने शोरूम रेड एंड व्हाइट कलर के लिए जाना माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में दीपावली के अवसर पर विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। जहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री एवं शादी के गहनों की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी ने बताया कि धनतेरस से लेकर लक्ष्मी पूजा तक दिवाली में भीड़ होने की वजह से ग्राहकों को विस्तार से डिजाइन दिखाने में सुविधा होती है। अपने ग्राहकों को भीड़ भाड़ से बचने के लिए धनतेरस से पहले बुकिंग करें एवं धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर अपने मनपसंद जेवर घर ले जाएं। हमारी शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमे 6 अंकों का huid कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100% विश्वनीयता पर खरा रहती है। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। हमारी शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। जहां सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है। सोने की अंगूठी, झुमका, ऐयरिंग, डबल कुंडा, फैंसी लॉकेट, मंगलसूत्र, टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। हमारे शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध है एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेंट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। साथ ही पायलों की विस्तृत रेंज जैसे नई वैरायटी के करधन, पायल, बैंगल्स, हाथ फूल, बिछिया, चैन, लॉकेट की एक से बढ़कर एक वैरायटी उपलब्ध है। वहीं हमारे शॉप में टोटल ओपन डिस्प्ले होने की वजह से मनपसंद गहने खरीदने में सुविधा होती है। सभी प्रकार के चेक, ऑल एटीएम एवं क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा है। आशा है बेहतरीन से बेहतरीन डिजाइन लेने के लिए आज ही ओम ज्वेलर्स जरूर पधारे।


## हमर क्लीनिक में डॉक्टर स्टाफ की हुई नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम डुंडेरा में हमर क्लीनिक में डॉक्टर स्टाफ की नियुक्ति कर दी गई है। पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे के प्रयास से शासन ने आदेश जारी किया है। उल्लेखनीय है कि हमर क्लीनिक के लिए भवन 2023 में बनाया गया और इसका लोकार्पण मार्च 2024 में हो चुका। लेकिन अभी तक भवन में किसी भी प्रकार का सेटअप शुरू नही किया गया था। हमर क्लीनिक के स्थापना के मामले को लेकर नगर निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने कुछ दिन पहले कलेक्टर से मुलाकत कर ज्ञापन सौपा और हमर क्लीनिक को जल्द प्रारम्भ करने की मांग की थी ताकि ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके।

मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने डुंडेरा हमर क्लीनिक में डॉक्टर सहित स्टाफ की नियुक्ति की आदेश जारी किया है। तरुण बंजारे ने कहा कि हमर क्लीनिक में डॉक्टर सहित स्टाफ की नियुक्ति से डुंडेरा सहित आस पास ग्रामो के नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधा में आसानी होगी।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अंतर इस्पात संयंत्र फुटबॉल स्पर्धा : बीएसपी टीम के चयन कल

**भिलाई।** इस्को इस्पात संयंत्र द्वारा बर्नपुर में दिनांक 11 से 15 नवम्बर तक एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा फुटबॉल ग्राउंड, मरोदा सेक्टर में1 नवम्बर को दोपहर 3 बजे से बीएसपी फुटबॉल टीम के चयन के लिए चयन स्पर्धा आयोजित की गई है।प्रतियोगिता में बी.एस.पी. / माइंस में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी/परिविक्षारत कार्मिक/वार्ड एवं टाउनशिप के बेरोजगार युवक ही भाग ले सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागी 1 नवम्बर को दोपहर 3 बजे के पूर्व चयनकर्ताओं विश्वनाथ मजूमदार व अब्दुल गफफार तथा प्रोतिम घोष के पास अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

### गाय को टक्कर मारने पर मारपीट, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** वाहन चालक द्वारा गाय को टक्कर मारने को लेकर हुए विवाद के मामले में पुलिस ने 6 युवकों के खिलाफ अपराध कायम किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि वेदांत मिश्रा ने शिकायतत किया कि अक्षय पुरी गोस्वामी अपनी इलेक्ट्रानिक वाहन से रायपुर काम से जा रहा था। इस दौरान चरोदा स्थित गुरूद्वारा के सामने अचानक गाय दौडकर सड़क पर आ गई। चालक उसे टक्कर मार दिया। घटना को देख युवा शक्ति का अंशु यादव अपने दोस्तों के साथ घटनास्थल पर पहुंचा। वेदांत से गाय को ठोकर मारने के कारण उसका उपचार कराने के एवज में दस हजार रूपये का डिमांड करने लगे। घटना में अक्षय को भी चोट आई थी। उक्त पुरानी रंजिश के चलते पीड़ित वेदांत के मोबाइल पर कॉल आया। युवक ने स्वयं को युवा शक्ति का कार्यकर्ता होना बताकर मिलने की बात कही थी। अंशु ठाकुर, अब्दुल तस्लीम उर्फ टल्ली, प्रदीप, लाला, करण गुप्ता, राहुल समेत अन्य लोग पहुंच गए। आरोपियों ने कहा कि गाय के साथ एक्सीडेंट हुआ था। युवा शक्ति के युवको को उपचार के लिए दस हजार रूपए नहीं देने की बात कहकर पीड़ित वेदांत को ओशो उपवन के पास ले गए। जहां पर पीड़ित को जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट कर प्रदीप सोलंकी लोहे के राड से हमला किया।

### राज्य स्तरीय बॉक्सिंग का मुकाबला आज से

**भिलाई।** इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन से मान्यता प्राप्त छत्तीसगढ़ एमेच्योर बॉक्सिंग संघ की वार्षिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में 31 अक्टूबर एवं 1 नवंबर छत्तीसगढ राज्य स्तरीय बॉक्सिंग मुकाबला करवाने का लिया गया। इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन से मान्यता प्राप्त छत्तीसगढ़ एमेच्योर बॉक्सिंग संघ की वार्षिक बैठक अटल बिहारी बाजपाई विश्विद्यालय के सभागार में आयोजित की गई, जिसमें छत्तीसगढ़ एमेच्योर बॉक्सिंग संघ में विभा अवस्थी को सर्वसम्मति से संरक्षक बनाया गया। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शांति बरडिया को सर्वसम्मति से निर्विरोध बनाया गया। उमा शंकर व्यास को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। महासचिव हितेश कुमार तिवारी एवं कोषाध्यक्ष तिलक राज मीणा को बनाया गया। कार्यसमिति में पूर्व सैनिक अरुण सावरकर एवं संगीता शर्मा को कार्यसमिति सदस्य के रूप में नामित किया गया।

# आरएसएम की दोहरी उपलब्धि : पांच कार्मिकों और दो टीमों ने दिलाया बीएसपी को गौरव

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली दो टीमें हुई सम्मानित, भिलाई चैप्टर को मिला गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल (आरएसएम) ने दो प्रतियोगिताओं, कार्यपालक निदेशक (संकार्य) ट्रॉफी वर्क स्किल्स प्रतियोगिता 2025-26 तथा क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित चैप्टर कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स (सीसीक्यूसी 2025) में आरएसएम के पाँच कर्मियों और दो टीमों ने शीर्ष सम्मान अर्जित कर विभाग व बीएसपी का गौरव बढ़ाया है।

ईडी ट्रॉफी वर्क स्किल्स प्रतियोगिता में कारपेंटर, कंप्यूटर (प्रोग्रामिंग), कंप्यूटर (ऑफिस ऑटोमेशन), इलेक्ट्रीशियन, फिटिंग, हाइड्रॉलिक्स, मशीनिंग, मटेरियल हैंडलिंग, पीएलसी, टर्निंग और वेल्डर जैसे ग्यारह तकनीकी ट्रेड शामिल थे। आरएसएम के दक्ष कर्मियों ने इस प्रतियोगिता में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए पाँच प्रमुख स्थान प्राप्त किए। ईए इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस निथ्यानथन एन., ने पीएलसी ट्रेड में तृतीय स्थान प्राप्त किया; जेईए, मैकेनिकल मेंटेनेंस (आरएसएम) शिवम सिंह, ने हाइड्रॉलिक्स ट्रेड में तृतीय स्थान प्राप्त किया।



### क्वालिटी सर्कल में नवाचार

क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया द्वारा विभिन्न क्षेत्रीय चैप्टरों में आयोजित चैप्टर कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स (सीसीक्यूसी 2025) में भी आरएसएम की दो टीमों रेल रक्षक और रेल निष्ठा ने अपनी सामूहिक सोच, तकनीकी नवाचार और समस्या समाधान की भावना से विशेष पहचान बनाई। रेल रक्षक टीम, जिसमें दीपनारायण चन्द्रवंशी, नीरव ध्रुव, हरप्रीत सिंह, नोकराजू, तथा शंखलाल उइके शामिल थे, और जीपी सोनी फैसिलिटेटर के रूप में मार्गदर्शक रहे, ने सीसीक्यूसी भिलाई चैप्टर में स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त किया। रेल निष्ठा टीम, जिसमें एन नटेशन तथा रामकृष्ण महाकुल सम्मिलित थे और बलराम राठ फैसिलिटेटर रहे, ने लीन क्यूसी श्रेणी में विशाखापट्टणम चैप्टर स्तरीय सम्मेलन में स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त किया।

## प्रियदर्शनी, चंद्रामौर्या, धमधा नाका व पावरहाउस अंडरब्रिज में भरा पानी, ऊपर रैलिंग जर्जर


# इंजीनियरों की नगरी भिलाई में जवाब देने लगे हैं फ्लाईओवर और अंडरब्रिज

## नेहरु नगर ओवरब्रिज की सड़क उखड़ी, नीचे भी जलजमाव से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

धीरे धीरे महानगर में तब्दील हो रहे भिलाई में लंबी चौड़ी सड़कों के साथ फ्लाईओवर और अंडरब्रिज सुविधा के साथ आकर्षण भी हैं। लेकिन यह विडंबना ही है कि शहर की खूबसूरती बढ़ाने के साथ कुछ फ्लाईओवर और अधिकतर अंडरब्रिज लोगों को परेशानी का सबब बने हुए हैं। अंडरब्रिज में जलजमाव तो फ्लाओवर की सड़कें बनते ही उखड़ने लगी हैं। यह नगर निगम सहित सभी सह निर्मात्री एजेंसियों के लिए चुनौती बने हुए हैं। इंजीनियरो शहर औद्योगिक नगरी में अंडरब्रिजों का टेक्निकली फेल हो जाना एक बड़ा सवाल है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ का दूसरा सबसे बड़ा शहर भिलाई में फ्लाईओर व अंडरब्रिज से घिरा हुआ है। आधा दर्जन फ्लाई व दर्जनभर अंडरब्रिजों से ट्रैफिक जाम से राहत और दुर्घटनाओं में कमी के साथ शहर की सुंदरता भी बढ़ी है। लेकिन कई अंडरब्रिजों के निर्माण में टेक्निकली फाल्ट होने से बारिश के मौसम में जलजमाव की समस्या लाइलाज हो चली है। वहीं कुछ फ्लाइओवर की सड़कें जर्जर हो चली हैं और सड़क पर गर्डर के ज्वाइंट पर गाड़ियों के जर्क होने के समस्या बढ़ रही है। इस मामले में नगर निगम भिलाई व रिसाली निगम उदासीन बने हुए हैं। प्रियदर्शनी अंडरब्रिज,चंद्रा मौर्या अंडरब्रिज, पावरहाउस चौक और नेहरुनगर अंडरब्रिज के साथ बोरसी अंडरब्रिज में बारिश में जलजमाव से कई तरह की दिक्कतें वाहनचालकों को होती है। पिछले दो तीन दिन से तूफान के चलते हो रही बारिश से भी सभी अंडरब्रिज में करीबन आधा फीट पानी भरा हुआ है।





### नेहरुनगर फ्लाईओवर का कांक्रीट उखड़ा

अंडरब्रिजों की तरह नेहरु नगर ओवरब्रिज पांच साल में ही ऊपर से सड़क जर्जर हो गई है। जगह जगह कांक्रीट उखड़न के साथ गर्डर ज्वाइंट की नाली से वाहन गुजरने के दौरान चालकों व महिलाओं व बच्चों को कमर दर्द की शिकायत होती है। इस दौरान दुर्घटना का अंदेशा भी बना रहता है। पारवहाउस ओवरब्रिज भी पूरी तरह जर्जर हो चुका है। मार्केट के व्यवसायियों ने बताया कि ब्रिज की पूरी रेलिंग चोर पार कर चुके हैं। इसके चलते ट्रक बिजली खंभे से टकराते रहते रहते हैं। यहां कभी भी वाहन नीचे चौक पर चलती ट्रेन या ट्रकों पर गिरने से बड़ी दुर्घटना घट सकती है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सभी जर्जर अंडरबिजों व ओवरब्रिजों के संधारण की जरुरत है।

### नगर निगम अंडरब्रिजों का नहीं कर रहा संधारण

प्रियदर्शनी व चंद्रामौर्या अंडरबिजों में बारिश में जलजमाव से गंदगी के साथ वाहनचालकों को आने जाने में भारी परेशानी होती है। इस दौरान दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। प्रियदर्शनी में तो बारिश में पांच फीट पानी भर जाता है। कोसानाला के ओवरफ्लो होने से जलभराव बढ़ जाता है। वहीं ऊपर रेलवे ट्रैक के बीच जमा पानी नीचे शावर की तरह दोपहिया चालकों के सर पर गिरने से कपड़े खराब हो जाते हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि प्रियदर्शनी ब्रिज सहित अन्य अंडरब्रिजों को निगम अब तक टेक्नकल फाल्ट दूर नहीं कर सका है। पूर्व मेयर व वर्तमान विधायक देवेंद्र यादव ने पांच साल पूर्व आगे पानी नहीं भरने की दावा किया था लेकिन परिणाम शिफर है।

# सुरक्षा नाट्य समारोह में कार्मिकों ने बताया सुरक्षित कार्य प्रणाली का महत्व




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा महात्मा गांधी कला मंदिर में सुरक्षा नाट्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने किया। कार्मिकों की तीन टीमों ने सुरक्षा का संदेश दिया।

■ कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने कार्मिकों को किया जागरूक

राकेश कुमार ने कहा कि कार्य स्थल पर सुरक्षा का दायरा 360 डिग्री होना चाहिए। सुरक्षा केवल उपकरणों तक सीमित न रहे, बल्कि यह हमारे व्यवहार और कार्यशैली का अभिन्न हिस्सा बनना चाहिए। कार्यक्रम में एसएमएस-2, आरईडी और एमआरडी विभागों के संविदा श्रमिकों की तीन टीमों ने नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सुरक्षा विषयों को प्रस्तुत किया।

आरईडी टीम ने गैस सिलेंडरों के भंडारण एवं संचालन से संबंधित सुरक्षा मानकों पर स्किट प्रस्तुत किया तथा सुरक्षा साइन बोर्डों के निर्माण विषय पर बताया। एमआरडी टीम ने सामग्री संचालन सुरक्षा पर आधारित स्किट के माध्यम से कार्यस्थल पर सुरक्षित प्रक्रियाओं के महत्व को रेखांकित किया, वहीं टीम एसएमएस-2 ने हॉट मेटल हैंडलिंग में सुरक्षा विषय पर नाट्य प्रस्तुत किया।

### सुरक्षा गीतों से संदेश

इस अवसर पर मर्चेंट मिल तथा एसएमएस-2 की टीमों ने सुरक्षा गीत गाए और बेहतर कार्य संस्कृति का संदेश दिया। कार्यक्रम मे विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंध, विभागाध्यक्ष व सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। महाप्रबंधक प्रभारी एसके अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन और सुप्रियो सेन ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# तालाब का नाम बदले जाने से आक्रोशित लोगों ने निगम कार्यालय में किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छठ पूजा के दौरान तालाब का नाम बदल दिए जाने से भड़के वार्डसियों ने नगर निगम भिलाई मुख्य कार्यालय का घेराव कर दिया। बड़ी संख्या में निगम पहुंचे महिलाएं व पुरुषों ने आयुक्त को कलेक्टर के नाम का ज्ञापन सौंपा। वार्ड 22 की पार्षद अनिता साहू ने आयुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि देवदास बंजारे नकटा तालाब का नाम मिटाकर शारदा सरोवर छठ पूजा के दौरान परिवर्तन कर दिया गया था। पिछले वर्ष भी बहुत वाद विवाद हुआ था और विधायक भी नाम परिवर्तन को यथावत स्वीकार किए थे। इस छठ पूजा में फिर विवाद की स्थिति निर्मित हुई है। पार्षद ने कहा कि ग्रामवासियों को इनके द्वारा छठ पूजा मनाने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन बार-बार तालाब का नाम परिवर्तन करने का जो काम किया जा रहा है, वह अनुचित है। जबकि यह तालाब निगम के दस्तावेजों में देवदास बंजारे नकटा तालाब के नाम से दर्ज है। ये लोग छठ पूजा के नाम पर विवाद खड़ा कर रहे हैं। तालाब का नाम देवदास बंजारे नटका तालाब लिखा जाए।

# अवैध ठेले और अस्थाई दुकानों पर निगम ने की कार्रवाई, 46 ठेले हटाए



भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई जोन 3 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत पावर हाउस चौक के किनारे सर्विस रोड पर आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर गुरुवार को बेदखली कार्रवाई करते हुए फाइन भी लगाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात थे। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त ने फल ठेला, अस्थायी दुकान संचालित करने एवं आवागमन बाधित करने वालों के खिलाफ बेदखली कार्रवाई करने हेतु सभी जोन आयुक्तों को निर्देशित किए हैं। साथ ही यातायात एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के साथ कार्रवाई करने कहा गया है। निर्देश के परिपालन में यातायात प्रभारी पीडी चंद्रा, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, बेदखली प्रभारी विनय शर्मा, सहायक प्रभारी हरिओम गुप्ता एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा लगभग 46 अवैध फल ठेले एवं अस्थायी दुकानों पर बेदखली कार्रवाई की गई। सड़क बाधा शुक्ल के रूप में कुल 5500 रुपये अर्थदण्ड वसूला गया। बांस, बल्ली एवं सामग्रियों की जब्त की गई है। इस दौरान पुलिस विभाग बल सहित निगम के तोड़फोड़ दस्ता टीम से गणित बघेल, कन्हैया यादव, गौकरण कुर्रे, खेमलाल आदि उपस्थित थे।

# खुर्सीपार स्टेडियम की दुकानों के लिए आवेदन प्रक्रिया होगी जल्द शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ आयुक्त ने निर्माणाधीन एसएलआरएम सेंटर का किया निरीक्षण

नगर पालिक निगम भिलाई जोन 4 खुर्सीपार अंतर्गत पंडित दीनदयाल स्टेडियम, निर्माणाधीन एसएलआरएम सेंटर, सामुदायिक भवन, सुलभ शौचालय सहित निगम स्वामिस्व के भूखण्डों का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे ने गुरुवार को किया।

इस दौरान स्टेडियम परिसर खेल ग्राउण्ड का निरीक्षण कर आवश्यक संधारण के लिए चर्चा की गई। शौचालय का संधारण कराने निर्देशित किया गया, जिससे दुकानों के संचालन में किसी भी प्रकार का दिक्कत न हो। स्टेडियम परिसर के सभी दुकानों के लिए पूर्व में आवेदन प्रक्रिया की गई थी। महापौर परिषद से पारित संकल्प अनुसार दुकानों के आवंटन के लिए पुनः प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी । आयुक्त ने निर्माणाधीन एसएलआरएम सेंटर का अवलोकन करते हुए कार्य शीध्र पूर्ण करने निर्देशित किये हैं। समीपस्थ सुलभ शौचालय का निरीक्षण कर पानी एवं सफाई व्यवस्था बनाये रखने केयरटेकर को निर्देशित किया गया है। शिव मंदिर के समीप नवीन सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है, जिसका अवलोकन आयुक्त द्वारा किया गया। शासकीय उपयोग हेतु निगम स्वामित्व के भूखण्ड का निरीक्षण आयुक्त द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय कुमार वर्मा, सहायक अभियंता प्रिया करसे, उपअभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, बिजेन्द्र सिंह परिहार, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अतूल यादव एवं सुपरवाईजर वेकंट आदि उपस्थित थे।

# स्वच्छ शहर और हरित पर्यावरण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई शहर को अव्वल नंबर पर स्वच्छ शहर बनाने के लिए इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग की भिलाई चेप्टर ने पहल की है। इसके तहत इंस्टीट्यूशन के द्वारा सूर्या विहार रेसिडेंट एसोसिएशन, स्वामीनारायण इंटरनेशनल गुरूकुल स्कूल प्रबंधन के साथ मिलकर विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की कार्ययोजना बनाकर प्रथम चरण में सूर्या विहार कालोनी को प्रथम स्वच्छ कालोनी बनाने का संकल्प लिया गया है। इंस्टीट्यूशन के भिलाई चेप्टर के द्वारा इस कार्यक्रम को अपने केन्द्रीय अभियान /"नई सोच-नया दौर/" के अंतर्गत /"स्वच्छ शहर एवं हरित पर्यावरण/" कार्यक्रम को गुरुवार को गुरुकुल स्कूल सूर्या विहार कालोनी में आयोजित कार्यक्रम में लांच किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में भिलाई चेप्टर के वाइस चेयरमैन घनश्याम कुमार देवांगन ने इंस्टीट्यूशन के उद्देश्य, रचनात्मक गतिविधियों की जानकारी, हर वर्ग के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग तकनीक का उपयोग अभियान में करने हेतु आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इंस्टीट्यूशन के पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में गुरूकुल स्कूल के स्टाफ एवं विद्यार्थियों के द्वारा स्कूल समय के बाद अतिरिक्त समय में छोटे छोटे समूह बनाकर सूर्या विहार कॉलोनी के प्रत्येक घर में नियमित रूप से संपर्क कर उन्हें सफाई, कचरा संकलन एवं कचरा निष्पादन में सहयोग करने और घर के आसपास को स्वच्छ बनाए रखने हेतु प्रेरित करेंगे। इस तरह आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर कालोनी को स्वच्छ बनाने के लक्ष्य को पूरा करेंगे।



■ सूर्या विहार कॉलोनी को प्रथम स्वच्छ कालोनी बनाने का लिया संकल्प

# पुराने पैसों के लेनदेन को लेकर हुआ विवाद

**दुर्ग।** पुराने पैसों के लेनदेन को लेकर युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि बॉम्बे आवास उरला निवासी गोकुल महानंद पोलसाय पारा में फास्ट फूड का व्यवसाय करता है। 30 अक्टूबर की सुबह पुराने पैसों के लेनदेन को लेकर गोकुल की पत्नी दामिनी महानंद और आरोपी बट्टू गौरैया के बीच बहस हो गई। दोपहर को बट्टू गौरैया और छोटे गौरैया ने गोकुल महानंद के साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देकर मारपीट कर दिया।






# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129



03



रक्तचाप संतुलित रखना बड़ी चुनौती, बेचैनी होने पर अनदेखा न करें लक्षण


## लाइव इवेंट

### देश के विकास में भारतीय संस्कृति और युवाओं के योगदान का बताया महत्व



**दुर्ग।** सार्वजनिक संत श्री गजानन महाराज मंदिर समिती गजानन नगर दुर्ग में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। मंदिर के अध्यक्ष राजेश रडके द्वारा वार्षिक गतिविधियां प्रस्तुत कि गई। समिति के सचिव प्रशांत डोनगांवकर ने वार्षिक प्रतिवेदन और नरेंद्र इंगले ने वार्षिक लेखाजोखा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रभात घडोले ने किया।

■ सार्वजनिक संत श्री गजानन महाराज मंदिर

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छग आयुर्वेदिक चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगाव प्रांत प्रमुख और ज्योतिष डॉ निलेश शर्मा प्रमुख रुप से मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने वर्तमान परिस्थिति में भारतीय संस्कृती विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। देश के विकास में भारतीय संस्कृति के योगदान एवं महत्व को स्पष्ट करते हुये उन्होंने आज के युवाओं के दायित्व को स्पष्ट किया। इस अवसर पर उपस्थित योगेश चांडक, वास्तुविद एवं सीए सुनील अग्रवाल ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा की समाज को संघटित करने कि दिशा में यह एक सराहनीय योगदान है। इस दौरान मंदिर के पुजारी श्रीकांत बेडेकर की दीर्घ बीमारी एवं स्पाईन के आपरेशन के लिए मंदिर के श्रद्धालुओं और समिति द्वारा राशि संग्रहित कर आर्थिक सहायता प्रदान की गई।



● निरोग रहने आंवला वृक्ष की परिक्रमा कर कांदे की सब्जी और पारंपरिक भोजन किया ग्रहण

# आंवला वृक्ष को विष्णु और शिव का प्रतीक मानकर देवी लक्ष्मी ने की थी पूजा, प्रगट हुए प्रभु, तब से मनाई जा रही नवमीं

**कार्तिक माह की नवमीं तिथि को आंवला नवमी का पर्व गुरुवार को ट्विनसिटी में भक्तिभाव के साथ मनाया गया। महिलाओं ने आंवला वृक्ष की कच्चे सूत को बांधकर विधिवत पूजा-अर्चना कर परिक्रमा की। परंपरानुसार धन, वैभव और उत्तम स्वाथ्य के लिए जिमी कांदा की सब्जी का भोग लगाकर परिवार सहित लोगों ने आंवला वृक्ष के नीचे बैठकर वनभोज किया।उद्यानों में सनातनियों की काफी भीड़ जुटी दिखाई दी। इस दौरान सभी परिवार सहित गार्डन में और आवंले वृक्ष के नीचे भोजन कर पिकनिक मनाने का आनंद भी लिया। सभी गार्डन जहां भी आंवला वृक्ष है वहां काफी हलचल दिखाई दी।**

**भिलाई।** सनातन धर्म में आंवला नवमी का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन आंवला वृक्ष की पूजा करने पर मां लक्ष्मी की विशेष कृपा बरसती है। स्वदेशी पिकनिक के इस पर्व का गहरा संबंध आयुर्वेद से भी है। सभी जानते हैं कि आंवला के फल में प्रचुर मात्रा में विटामिन सी, लौह तत्व के अलावा कई औषधीय गुण होते हैं। इस मौसम में बहुतायत में आंवला का फल बाजार में आता है। पुराणों में महत्वपूर्ण कार्तिक मास में ही भगवान श्रीहरि विष्णु योग निद्रा से जागृत होते हैं।



### महिलाएं बनाती हैं सात्विक भोजन, सपरिवार ने किया भोजन



आंवला नवमी को अक्षय नवमी भी कहा जाता है। इस दिन महिलाएं घर पर सात्विक भोजन बनाती हैं। इस दिन बनाई जाने वाली सब्जी में महिलाएं सात प्रकार की सब्जियों को एक साथ मिलाकर बनाती हैं। महिलाएं आंवला के पेड़ के नीचे पूजा करने के बाद वहीं पर बैठकर ब्राह्मणों को भोजन कराकर परिवार के लोगों के साथ वहीं भोजन करती हैं।

### आंवला के वृक्ष में श्रीविष्णु का निवास



यह मान्यता है कि आंवला वृक्ष के मूल में भगवान विष्णु, ऊपर ब्रहमा, स्कंध में रुद्र. शाखाओं में मुनिगण, पत्तों में वसु, फूलों में मरुद्गण और फलों में प्रजापति का वास होता है। ऐसे में आंवले के पेड़ की पूजा करने से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। साथ ही इस की पूजा-अर्चना से व्यक्ति के जीवन में धन, विवाह, संतान दांपत्य जीवन से संबंधित समस्या खत्म हो जाती है।

### आंवला के पेड़ में तुलसी और बेल का गुण एक साथ, प्रचलित कथा



पौराणिक कथा के अनुसार एक बार महालक्ष्मी भ्रमण करने के लिए पृथ्वी लोक पर आई थी। रास्ते में उन्हें भगवान विष्णु और शिव की पूजा एक साथ करने की इच्छा हुई, क्योंकि तुलसी भगवान विष्णु को प्रिय होती है और बेलपत्र भगवान शिव को, इसलिए माता लक्ष्मी को ख्याल आया कि तुलसी और बेल का गुण एक साथ आंवले के पेड़ में ही पाया जाता है। ऐसे में आंवले के वृक्ष को भगवान विष्णु और शिव का प्रतीक मानकर देवी लक्ष्मी ने उसकी पूजा की, जिससे प्रसन्न होकर भगवान विष्णु और शिव प्रकट हुए। लक्ष्मी माता ने आंवले के वृक्ष के नीचे भोजन बनाकर विष्णु और शिव को भोजन कराया। तब से इस तिथि पर आंवला नवमी का पर्व मनाया जाता है।

## सिटी इवेंट

### सेक्टर स्तरीय व्हॉलीबॉल में कन्या कॉलेज टीम फिर से बनी विजेता



**भिलाई।** शैलदेवी महाविद्यालय अण्डा द्वारा आयोजित उच्च शिक्षा विभाग छग के तत्वावधान में सेक्टर स्तरीय महिला व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता में शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय एक बार फिर से विजेता बना। इस प्रतियोगिता में 7 टीमों ने हिस्सा लिया। शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग को पिछले वर्ष की विजेता टीम होने के कारण प्रथम चक्र में बाई मिली, क्वाटर फाईनल में महाविद्यालय ने शासकीय नवीन महाविद्यालय बेरला को 25–18, 20–25, 25–11 से परास्त किया। फाईनल में कल्याण महाविद्यालय भिलाई सेक्टर–7 को सीधे सेटों में 25–15, 25–12 से परास्त कर फिर से विजेता होने का गौरव हासिल किया।

■ प्रतियोगिता में 7 टीमों ने लिया था हिस्सा

महाविद्यालय की दीप्ति राठौर, कोमल सिंह, रेणुका, भोमिता साहू, प्रिया साव ने अच्छे खेल का प्रदर्षन किया। महाविद्यालय की टीम में दीप्ति राठौर कप्तान, कोमल सिंह, भोमिता साहू, रेणुका, प्रिया साव, नीरजरा तांडी, मनस्वी निर्मलकर, मानसी सिंह ठाकुर, चंचल यादव, मानश्री मौर्या, नंदनी नायक थे। टीम मैनेजर डॉ. ऋतु दुबे प्रशिक्षक विजय चन्द्राकर थे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए अगले वर्ष के लिये अभी से मेहनत करने की बात कही। महाविद्यालय क्रीड़ा समिति संयोजक डॉ. सुषमा यादव, सदस्य गणेश नायक, दीपक ठाकुर, डॉ. रेशमा लाकेश, खुखबू साहू एवं महाविद्यालय ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य के लिए कामना की।



# निरंतर 10 वर्षों से गौ माता की सेवा में जुटा गौ भक्त परिवार

**दुर्ग।** ग्राम मोहलाई छातागढ़ में गोपाष्टमी के पावन पर्व गुरुवार को गौ भक्त परिवार द्वारा गौशाला में हरा चारा, गुड़, रोटी ककड़ी आदि खिलाकर गौमाता की पूजा अर्चना के साथ सेवा की गई। यह सेवा निरंतर पिछले 10 वर्षों से बिना एक दिन भी रुके निस्वार्थ भाव से सेवा कर रही है।



कोरोना काल, दीपावली, होली या फिर अन्य सभी पर्व पर भाग लेकर गौमाता की सेवा करते आ रहे है। इस सेवा में शामिल पवन तेजवानी, नरसिंग कुकरेजा, विजय जेसवानी, राजू सचदेव, राजा खत्री, अमर बत्रा, ज्योतुमल, अमर बख्तयार, अमर बत्रा, कैलाश बजाज, मयूर खन्ना, राजू पाहुजा, प्रदीप लेखवानी, रमणीक मंघनानी, शकील भाई, विजय गजवानी, हरीश केवलतानी, भारत पाबरी, मुकेश मोहनानी, संतोष फुलवानी, जगदीश केवलतानी, कैलाश जसवानी आदि उपस्थित थे।

# कत्थक तरंग से गूंजेगा भिलाई तीन दिवसीय आयोजन आज से

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष पर तेहाई डांस अकादमी भिलाई की ओर से तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम कथक तरंग का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन हिंदू मिलन मंदिर, रिसाली और कला-साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में तथा सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विशेष सहयोग से होगा। आयोजन का शुभारंभ 31 अक्टूबर, शुक्रवार को शाम 5:30 बजे हिंदू मिलन मंदिर, रिसाली में उद्घाटन समारोह के साथ होगा। इसके बाद 1 और 2 नवंबर को सुबह 10 बजे से कथक नृत्य कार्यशालाएं आयोजित होंगी, जिनमें भिलाई और आसपास के युवा कलाकार प्रख्यात गुरुओं से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए 29 अक्टूबर की शाम हिंदू मिलन मंदिर में समिति की बैठक हुई। इसमें सुभाष साहा, तुहिनाद्री सान्याल, श्रौती साहा, अमृता सान्याल, बबलू विश्वास, शांतनु दासगुप्ता, स्वाति सेनगुप्ता, सोमा देव, शुभ्रा चक्रवर्ती, संगीता सोनपिपरे और पराग सेनगुप्ता उपस्थित थे। तीनों दिनों की गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए अलग-अलग टीमों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। शांतनु दासगुप्ता ने बताया कि तीन दिनों की इस नृत्य यात्रा का समापन तरंगोत्कर्ष उत्सव के रूप में किया जाएगा। यह आयोजन 2 नवंबर, रविवार को सायं 7 बजे महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर, भिलाई में होगा। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथक नृत्यांगना देवश्री मुखर्जी और देबाद्रिता मुखर्जी कोलकाता, अमृता सान्याल भिलाई और शिवशक्ति डांस अकादमी के कलाकार सुनयना के निर्देशन में छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य प्रस्तुत करेंगे।

■ अलग–अलग टीमों को सौंपी गईं जिम्मेदारी

गर्ल्स कॉलेज में युवाओं में बढ़ते नशे के कारण एवं निवारण पर समूह चर्चा का आयोजन

# युवाओं में नशे की लत ले चुकी है महामारी का रूप

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के यूथ रेडक्रॉस एवं एंटी ड्रग कमेटी के तत्वावधान में युवाओं में बढ़ती नशे की लत के कारण एवं निवारण संबंधी समूह चर्चा का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि आज की तेज रफ्तार वाली दुनिया में युवा पीढ़ी कई चुनौतियों का सामना कर रही जिसमें से प्रमुख समस्या नशे की लत है। ये न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को प्रभावित करती है बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति पर भी गहरा असर डालती है।




### नशे के माध्यम पर की विस्तार पर चर्चा



प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि युवाओं में नशे की लत एक महामारी का रूप ले चुकी है जिसके सामाजिक, आर्थिक कारण जैसे गरीबी, बेरोजगारी, शैक्षिक एवं मनोरंजक संसाधनों तक सीमित पहुँच के कारण मादक द्रवों के सेवन की सम्भावना बढ़ जाती है क्योंकि युवा बचने या इससे निपटने के लिए मादक पदार्थों का सहारा लेते है। इस समूह चर्चा में युवाओं में बढ़ती नशे की लत के कारणों, वर्तमान स्थिति एवं संभावित संसाधनों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### नशे का आंकड़ा बताकर दर्शाया वर्तमान स्थिति

डॉ. वैभवशंकर सोनी ने बताया कि नशे की लत में अल्कोहल गांजा, अफीम, कोकिन, एलएसडी और अन्य नशीले पदार्थ शामिल है। युवा अवस्था में यह समस्या इसलिये अधिक गंभीर है क्योंकि ये मस्तिष्क के विकास को प्रभावित करती है। डॉ. चांदनी अफसाना ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार युवाओं में नशे की शुरूआत अमतौर पर 12 से 17 वर्ष की आयु में होती है जो उनकी भविष्य को जोखिम में डाल देती है। तबस्सुम ने इन समस्याओं के आर्थिक एवं सामाजिक कारणों का विस्तार से चर्चा की। वहीं एमएससी की छात्रा विन्नी टंडन ने भारत में नशे की लत की वर्तमान स्थिति को आंकड़ों में प्रस्तुत किया। दीपक ठाकुर ने समस्या के समाधान एवं रोकथाम के उपाय बताये। स्नातकोत्तर की छात्राएं युक्ति देशमुख, लुभना खान, शीलमन ठाकुर, लिलेश्वरी साहू, निशा साहू, दिशा तिवारी, लिशा आदि ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपक कश्यप तथा डॉ. कमलेश चेलक ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।



सिटी इवेंट

## 78वां वार्षिक निरंकारी संत समागम आज से 3 नवंबर तक



■ दुर्ग भिलाई से 500 से अधिक श्रद्धालु हुए रवाना

**भिलाई।** जहां एक ओर आज की दुनिया जाति, धर्म, भाषा और विचारों की सीमाओं में उलझी हुई प्रतीत होती है, वहीं दूसरी ओर संत निरंकारी मिशन समरसता, प्रेम और मानवता की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर सक्रिय है। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के सान्निध्य में निरंकारी मिशन का 78वां वार्षिक निरंकारी संत समागम 31 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा हरियाणा में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष समागम की मूल प्रेरणा 'आत्ममंथन' है, जो आत्मचिंतन एवं आंतरिक जागरूकता को प्रेरित करने वाली एक सकारात्मक पहल के रूप में उभरेगी।

ब्रांच दुर्ग भिलाई संयोजक सतपाल सैनी ने बताया कि इस वार्षिक संत समागम में भाग लेने के लिए दुर्ग भिलाई से 500 से अधिक श्रद्धालु रवाना हुए। इस समागम में महिलाएं व पुरुष साथ ही सेवादल के जवान भी सेवा के लिये समागम स्थल पर पहुंच चुके है। लगभग 650 एकड़ क्षेत्र में आयोजित आध्यात्मिक समागम में भारत ही नहीं बल्कि विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। सहायक जन सम्पर्क अधिकारी शंकर सचदेव ने जानकारी देते हुए बताया संत समागम में पूरे देश से लाखों की संख्या में और विदेशों से लगभग पांच हजार श्रद्धालु सम्मिलित होकर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति करेंगे। स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा इस वर्ष समागम स्थल पर स्वास्थ्य सुविधाओं का व्यापक प्रबंध किया गया है। परिसर में 8 एलोपैथिक तथा 6 होम्योपैथिक डिस्पेंसरियां कार्यरत रहेंगी। इसके अतिरिक्ति 15 प्राथमिक चिकित्सा केंद्र एवं 1 कायरोप्रैक्टिक चिकित्सा शिविर की भी व्यवस्था की गई है। साथ ही, गंभीर रूप से रोगग्रस्त मरीजों के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं से युक्त 120-बेड का एक अस्थायी अस्पताल भी निर्मित किया जा रहा है। समागम स्थल पर स्वास्थ्य आपात स्थितियों से निपटने के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है।

● भक्तों को खिचड़ी प्रसाद का किया गया वितरण

# बंगाली समाज ने धूमधाम से मनाया पारंपरिक उत्सव, जगतधात्री पूजा में चढ़ाया छप्पन भोग



हुडको कालीबाड़ी



सेक्टर-6 कालीबाड़ी





**भिलाई।** दुर्ग जिले में बंगाली समाज के लोगों ने पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मां जगतधात्री की पूजा मनाई। सेक्टर-6, हाउसिंग बोर्ड और हुडको कालीबाड़ी में पूजा का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कालीबाड़ी में दिनभर भक्ति और उत्साह का माहौल रहा। बता दें कि धगतधात्री मां दुर्गा का ही एक रूप है। सप्तमी, अष्टमी और नवमी की पूजा एक ही दिन सम्पन्न हुई। पुष्पांजलि और हवन के बाद मां को भोग चढ़ाया गया और श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। कई मंदिरों में 56 भोग लगाकर मां जगतधात्री को फल और मिठाई अर्पित की गई। हुडको कालीबाड़ी में निताई चांद चक्रवर्ती, गोविंद वल्लभ, हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी में अरूण चक्रवर्ती और सेक्टर 6 कालीबाड़ी में मानस मिश्रा, हीरालाल भट्टाचार्य ने पूजा संपन्न कराया। जगतधात्री पूजा हमें यह सिखाती है कि शक्ति तभी सार्थक है जब वह संयम और सदाचार से जुड़ी हो। यह पूजा अहंकार के नाश, आत्मसंयम और भक्ति की भावना का उत्सव है। इसलिए जगतधात्री पूजा का स्वरूप दुर्गा पूजा की तरह भव्य नहीं, बल्कि शांत, सौम्य और अनुशासित होता है।

### देवी दुर्गा के पुनः अवतार के रूप में मां जगतधात्री



हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी

माना जाता है कि असुर महिषासुर के वध के बाद जब देवी दुर्गा ने संसार को दानवों से मुक्त किया, तब लोग फिर से सुख-सुविधा में खो गए और उनका अहंकार बढ़ गया। इस अहंकार को शांत करने और धर्म की याद दिलाने के लिए देवी ने जगतधात्री रूप में अवतार लिया। देवी जगतधात्री को शेर या हाथी पर सवार दिखाया जाता है। हाथी यहाँ अहंकार का प्रतीक है, और देवी का उस पर सवार होना इस बात का संकेत है कि मनुष्य को अपने अहंकार पर नियंत्रण रखना चाहिए। देवी का सौम्य रूप यह संदेश देता है कि शक्ति केवल युद्ध या क्रोध में नहीं, बल्कि संयम, विवेक और करुणा में भी होती है। पश्चिम बंगाल के चंद्रनगर, कृष्णनगर और कोलकाता में जगतधात्री पूजा बहुत भव्य तरीके से मनाई जाती है। चंद्रनगर की जगतधात्री पूजा अपनी लाइटिंग और सजावट के लिए विश्व प्रसिद्ध है।

### यह है पौराणिक लोककथा





कहा जाता है कि किसी समय बंगाल में नदिया के राजा कृष्णचंद्र राय को मुस्लिम शासक ने किसी कारण से बंदी बना लिया। उस समय दुर्गा पूजा का पर्व आने वाला था, पर राजा कैद में होने की वजह से पूजा नहीं कर सके। राजा दुर्गा के अनन्य भक्त थे। तब एक बालिका ने सपने में राजा को दर्शन दिए और कहा कि तुम दुर्गा पूजा तो नहीं कर पाए, लेकिन मेरी पूजा जगतधात्री रूप में करो, जिससे धर्म की रक्षा और शक्ति का स्मरण बना रहे। राजा ने वैसा ही किया और उसी वर्ष से जगतधात्री पूजा की शुरुआत बताई जाती है। यह पूजा वास्तव में दुर्गा पूजा के बाद भक्ति की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए शुरू की गई हो। नदिया या चंद्रनगर के राजा कृष्णचंद्र राय के 18वीं सदी समय में इसका प्रचलन बढ़ा और वहीं से यह परंपरा व्यापक हुई।

धर्म लाइव

## स्वामी दयानंद सरस्वती ही सनातन स्वाभिमान के शाश्वत प्रकाश स्तंभ

**भिलाई।** आर्य समाज की मानव सेवा को समर्पित 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर दिल्ली में चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। महासम्मेलन में आर्य समाज सेक्टर 6 भिलाई, दुर्ग, रायपुर सहित देशभर की आर्य समाज और सैकड़ो संस्थाएं इस कार्यक्रम में अपनी भूमिका निभा रही है।

इस सम्मेलन में भिलाई के वैदिक चिंतक आचार्य डॉ. अजय आर्य ने अपने जोशीले और शोधपरक वक्तव्य से सभागार को



मंत्रमुग्ध कर दिया। सनातन स्वाभिमान के पुरोधा स्वामी दयानंद सरस्वती के विषय पर अपने शोधपत्र को प्रस्तुत करते हुए अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने केवल आर्य समाज की स्थापना करके समाज सुधार का बीड़ा नहीं उठाया, बल्कि गुलाम भारत को आत्मसम्मान और स्वतंत्र चिंतन की दिशा दी। उन्होंने भारतीय समाज की जकड़ी हुई परतंत्रता को तोड़ने का आह्वान किया और वैदिक विचार परंपरा को पुनर्जीवित कर राष्ट्र के स्वाभिमान की ज्योति जलाई। आचार्य डॉ. आर्य ने कहा कि यदि आज हम सनातन धर्म की रक्षा करना चाहते हैं तो स्वामी दयानंद सरस्वती से श्रेष्ठ कोई मार्गदर्शक नहीं हो सकता। उन्होंने 1873 में ही 'स्वदेशी राज्य सर्वोपरि है' का उद्घोष किया था, जिसे आगे चलकर तिलक और अन्य क्रांतिकारियों ने आत्मसात किया। स्वामी दयानंद ने मनुस्मृति और वैदिक सिद्धांतों के आधार पर यह प्रमाणित किया कि भारत विश्वगुरु रहा है। सत्र के दौरान सार्वदेशिक आर्य पुरोहित सभा ने स्कंधवस्त्र पहनाकर आचार्य डॉ. अजय आर्य का सम्मान किया। छत्तीसगढ़ से विद्वान आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री ने कहा 'महर्षि दयानंद न केवल समाज सुधारक थे, बल्कि भारतीय स्वतंत्रता के वैचारिक शिल्पकार भी थे। उनका चिंतन ही आज के भारत का आधार है। चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन में 40 देशों से आर्य प्रतिनिधि सम्मिलित हो रहे हैं। एक हजार से अधिक विद्वान अपने वैचारिक मंथन से नई दृष्टि प्रदान कर रहे हैं।

सिद्ध चक्र महामंडल विधान पूजन

## शांतिनाथ भगवान के मंगल अभिषेक के साथ इंद्र-इंद्राणी बने मैना सुंदरी ने किया पूजन






**भिलाई।** त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में सिद्ध चक्र महामंडल विधान पूजन के अवसर पर सैकड़ो इंद्र और इंद्राणियों के साथ भक्तों ने विधान मंडप में पूजन किया गया। इस अवसर पर 1008 शांतिनाथ भगवान के मंगल अभिषेक भक्तों ने किया। जहां शांति धारा का सौभाग्य सोधर्म इंद्र बने ज्ञानचंद मनीष बाकलीवाल, अनिल जैन, अरुण बाकलीवाल ने साध्वी दुर्लभमति माता के अमृत वचनों सहित साध्वी सुशांत मति माताजी के सानिध्य में शांति धारा किया गया। माताजी को भक्तों ने वंदन करते हुए भक्ति भाव के साथ श्रीफल अर्पण किया।

प्रतिष्ठाचार्य पारस जैन ने सिद्ध चक्र विधान मंडप में भक्तों ने इंद्र-इंद्राणी का रूप धरा। मनीष स्वीटी बाकलीवाल के भक्ति वंदना नृत्य के साथ पूजन विधान भक्तों ने किया। पंचमेर की पूजन भक्तों ने की। सैकड़ो भक्तों ने देव शास्त्र की गुरु वंदना करते हुए सिद्ध चक्र महामंडल विधान की पूजन अर्घ्य समर्पण किया। वैशाली नगर, नेहरू नगर, रिसाली, रुआबांदा, दुर्ग, भिलाई आदि दिगंबर जैन मंदिर के सैकड़ों भक्तों ने सिद्ध चक्र विधान में धर्म लाभ लिया। कार्यक्रम में साध्वी दुर्लभमति ने कहा कि जिस तरह से आप जब फोटोग्राफर के सामने अपने हंसते हुए चेहरे के साथ फोटो ग्राफर को फोटो खींचना बोलते हैं। फोटो खिंचवाते समय अनुशासित हो जाते हो, वैसे ही यदि आप जीवन में व्यवस्थित होकर धर्म ध्यान करोगे तो अपने आप आपकी फोटो कैमरामैन स्वयं लेंगे। आप सभी भक्ति भाव के साथ अपनी पूजन वंदना करते हुए अपने धर्म शिक्षा संस्कार के साथ धर्म ध्यान करें। मंच संचालन पारसनाथ दिगंबर जैन सभा सेक्टर 6 के अध्यक्ष प्रशांत जैन ने किया। कार्यक्रम में प्रवीण छाबड़ा. जिनेंद्र जैन, वरुण जैन, निशांत जैन, संजय चतुर, संजीव कासलीवाल, पप्पू छाबड़ा, राहुल जैन सहित अन्य मौजूद थे।

सराहनीय पहल

## मुंहबोली बहनों ने की मरणोपरांत देहदान करने की घोषणा, सौंपा पत्र



**पार्थिव शरीर को रायपुर एनाटॉमी के सुपुर्द किया जाएगा**

**भिलाई।** दि बुद्धिष्ट प्रचारक विंग छत्तीसगढ़ द्वारा चलाए जा रहे सर्वश्रेष्ठ दान मुहिम देहदान और अंगदान दानों से प्रभावित होकर आज शारदा नगर निवासी साधना मेश्राम और स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत अम्बेडकर चौक निवासी निर्मला रामटेके दोनों मुंह बोली बहनों ने परिवार की सहमति से मरणोपरांत देहदान तथा नेत्रदान करने की घोषणा की। जिसके बाद देहदान की वसीयत दि बुद्धिष्ट प्रचारक विंग की संस्थापक सविता बौद्ध संकल्पी के माध्यम से रायपुर एनाटॉमी विभाग में संतोष शर्मा को सौंपी गई। मरणोपरांत इनके पार्थिव शरीर को रायपुर एनाटॉमी के सुपुर्द किया जाएगा। देहदान के इस सराहनीय पहल में महेंद्र बौद्ध उपस्थित रहे।

समाज इवेंट

## चरोदा में अमृत मंजरी पुस्तक का किया गया विमोचन



**भिलाई।** चरोदा स्थित मनुज्योति इंटरनेशनल द्वारा अमृत मंजरी पुस्तक विमोचन का कार्यक्रम रखा था। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में सांसद विजय बघेल, मौजूद थे। अन्य अतिथियों में प्रदेश सचिव कांग्रेस असंगठित कामगार राम सूर्यवंशी ,पार्षद भारती सूर्यवंशी मौजूद थी। पुस्तक विमोचन के पहले अतिथियों को पुष्प गुच्छ व गुलदस्ता भेटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

कार्नर न्यूज

वर्ल्ड स्ट्रोक डे पर चिकित्सकों ने आयोजित की गोष्ठी, बताया- देश में यह कितनी तेजी से बढ़ रहा

# ब्रेन स्ट्रोक मौत का चौथा और दिव्यांगता का पांचवा सबसे बड़ा कारण, 30 वर्ष के युवा भी हो रहे इसका शिकार

**दुर्ग।** वर्ल्ड स्ट्रोक डे पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें चिकित्सकों ने शिरकत की। ताकि लोगों को मस्तिष्क आघात यानी स्ट्रोक के खतरों और समय पर इलाज के महत्व के बारे में जागरूक किया जा सके। विशेषज्ञों का कहना है कि स्ट्रोक अब सिर्फ बुजुर्गों की बीमारी नहीं रह गई है, बदलती जीवनशैली, तनाव, धूम्रपान और असंतुलित खानपान ने युवाओं को भी इसकी चपेट में ला दिया है। जिला स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त चिकित्सक डॉ. अनिल अग्रवाल ने बताया कि इस तरह के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पिछले कुछ समय काफी बढ़ोत्तरी हुई है। वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ. कुलदीप सिंह बताते हैं कि स्ट्रोक तब होता है जब मस्तिष्क को जाने वाली रक्त आपूर्ति अचानक रुक जाती है या किसी धमनी के फट जाने से मस्तिष्क की कोशिकाएं मरने लगती हैं। उनका कहना है स्ट्रोक के पहले 4- 5 घंटे बेहद कीमती होते हैं। अगर इस गोल्डन टाइम में इलाज मिल जाए तो मरीज की जान बचाई जा सकती है और लकवे का खतरा काफी हद तक घटाया जा सकता है।



### ब्रेन स्ट्रोक के समय 4 से 5 घंटे का समय गोल्डन पीरिएड



डॉ. अनिल अग्रवाल बताते हैं कि 24 घंटे उपलब्ध अत्याधुनिक न्यूरो आईसीयू और अनुभवी डॉक्टरों की टीम स्ट्रोक के मरीजों को त्वरित उपचार देती है। डॉ. सिंह कहते हैं समय ही जीवन है। स्ट्रोक का इलाज जितनी जल्दी शुरू होगा, उतनी जल्दी दिमाग को नुकसान से बचाया जा सकता है। शुरुआत 5 घंटे का समय सबसे ज्यादा संवेदनशील समय है। स्ट्रोक से बचाव का सबसे अच्छा तरीका संतुलित जीवनशैली अपनाना है। ब्लड प्रेशर, शुगर और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखें, धूम्रपान और शराब से दूरी बनाएं, रोजाना व्यायाम करें और तनाव को कम करने की कोशिश करें।

### 25 प्रतिशत मरीज ही समय पर हॉस्पिटल पहुंच पा रहे



जानकारी के मुताबिक स्ट्रोक अब भारत में मौत का चौथा और विकलांगता का पांचवां सबसे बड़ा कारण बन चुका है। विशेषज्ञों का कहना है कि देश की केवल 25% आबादी ही ऐसे अस्पतालों तक पहुंच पाती है जहां स्ट्रोक का तुरंत इलाज संभव है। आरोग्यम हॉस्पिटल में सेवा दे रहे न्यूरो सर्जन डॉ. कुलदीप सिंह बताते हैं कि चेहरे का टेढ़ा होना, बोलने में दिक्कत, एक या दोनों हाथ-पैरों में अचानक कमजोरी या सुन्नपन, चक्कर आना या संतुलन बिगड़ना ये सभी स्ट्रोक के शुरुआती संकेत हो सकते हैं। ऐसे में समय गंवाना जानलेवा हो सकता है।

### छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में बढ़ रहे ब्रेन स्ट्रोक के मामले

पैथोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. पीके अग्रवाल बताते हैं कि विश्व स्तर पर स्थिति चिंताजनक है। हर साल करीब 1.2 करोड़ लोग स्ट्रोक का शिकार बनते हैं और 9.4 करोड़ से ज्यादा लोग पहले स्ट्रोक झेल चुके हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट बताती है कि स्ट्रोक से दुनिया को हर साल करीब 890 अरब डॉलर का आर्थिक नुकसान होता है, जो वैश्विक जीडीपी का लगभग 0.66% है। हैरानी की बात यह है कि 69% स्ट्रोक ब्लड प्रेशर, शुगर और मोटापे जैसे मेटाबॉलिक कारणों से होते हैं, जिन्हें समय रहते नियंत्रित किया जा सकता है। भारत में हालात और भी चिंताजनक हैं। पिछले 30 सालों में स्ट्रोक के मामलों में 51% की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। देश में हर साल 12.5 लाख से ज्यादा लोग स्ट्रोक से प्रभावित हो रहे हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ और जम्मू-कश्मीर के बीच क्रिकेट कल से रायपुर में



**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा आयोजित तथा छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की मेजबानी में रनजी ट्रॉफी के अंतर्गत छत्तीसगढ़ का तीसरा मैच जम्मू एवं कश्मीर के विरुद्ध 01 से 04 नवंबर तक रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। उक्त मैच का आनंद दर्शक निःशुल्क ले सकते हैं। मैच हेतु निःशुल्क प्रवेश स्टेडियम के गेट क्रमांक-11 से दिया जाएगा।

### सब जूनियर बॉयज़ नेशनल फ़ुटबॉल में बीटीजीएस के युवराज का चयन



**रायपुर।** ब्रह्मविद द ग्लोबल स्कूल (बीटीजीएस)। ब्रह्मविद द ग्लोबल स्कूल में कक्षा 8 के होनहार विद्यार्थी युवराज केशवानी का चयन सब जूनियर बॉयज़ नेशनल फ़ुटबॉल चैंपियनशिप 2025–26 के लिए छत्तीसगढ़ राज्य टीम में किया गया है। युवराज लेफ्ट-विंग फ़ॉरवर्ड के रूप में खेलते हैं। उन्होंने अपनी फुर्ती, सटीकता और आत्मविश्वास से कोचों और साथियों को प्रभावित किया है। खेल के प्रति उनका अनुशासन और समर्पण उन्हें इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता तक ले गया है। विद्यालय के निदेशक प्रत्युष पड़राहा तथा शैक्षणिक निदेशक शोभा पड़राहा और प्रिंसिपल पिल्लई मंजुमोल शिवशंकर ने युवराज की इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है।

### नेशनल मैराथन में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर रहे अजय

**रायपुर।** नेशनल मैराथन नागालैंड दीमापुर में गुरुवार को आयोजित हुई। जिसमे हरिशंकर महाविद्यालय के अजय भास्कर ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय सेवा योजना एवं छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के संयुक्त तत्वाधान में मैराथन सितंबर



माह में मरीन ड्राइव, रायपुर में संपन्न हुई थी। जिसमें एड्स जागरूकता एवं बचाव कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय रेड रन मैराथन दौड़ में पं. हरिशंकर शुक्ला स्मृति महाविद्यालय के अजय भास्कर (बी.पी.एड.) के छात्र ने 11 किमी दौड़ को 40.5 मिनट में पूर्ण कर पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने अलग - अलग जिले के 58 प्रतिभागियों में प्रथम स्थान प्राप्त कर 8000 नगद राशि के साथ नेशनल के लिए अपना स्थान सुरक्षित किया था। दीमापुर में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने पर छत्तीसगढ़ एड्स नियंत्रण समिति व राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना ने अजय को बधाई दी है। महाविद्यालय के चेयरमैन सुशील शुक्ला व प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष जताया है।

### ऑल इंडिया टेनिस टूर्नामेंट में आरिज़ बने चैंपियन



**रायपुर।** ऑल इंडिया टेनिस संघ के तत्वाधान में प्रदेश संघ द्वारा ऑल इंडिया सीएस-3 अंडर-16 टेनिस टूर्नामेंट 27 से 29 अक्टूबर तक इंटरनेशनल टेनिस स्टेडियम, जोरा में आयोजित की गई। टूर्नामेंट को आर्डिनटर रूपेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि फाइनल मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त छत्तीसगढ़ के आरिज़ खान ने सार्थक सुंदरानी कों सीधे सेटो में 7-6 (5),7-5 से हराया और फाइनल में विजेता बने। विजेताओं कों छत्तीसगढ़ टेनिस संघ के उपाध्यक्ष रूपेंद्र सिंह चौहान एवं सुशील बालानी ने पुरस्कृत किया। स्पर्धा के निर्णायक लुकेश नेताम, अमन ध्रुव, मोनेश साहू, प्रेम प्रकाश, रोहन मंडल थे।

### अंतर महाविद्यालयीन कुश्ती में यूटीडी का शानदार प्रदर्शन



**रायपुर।** महंत लक्ष्मी नारायण दास के तत्वाधान में अंतर महाविद्यालयीन कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमे यूटीडी पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की महिला एवं पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला वर्ग के 50 किग्रा में लक्ष्मी ने रजत पदक, 57 किग्रा में चेतना सिंह ने स्वर्ण पदक, 65 किग्रा में अनुष्ठा मित्तल ने स्वर्ण पदक, 72 किग्रा में प्राची चौबे ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा पुरुष वर्ग में 61 किग्रा देव कुमार ने रजत पदक तथा 97 किग्रा प्रियांशु बंजारे ने रजत प्रदक प्राप्त किया। टीम प्रबंधक के रूप में अनुपम कुमार सिंह तथा टीम कोच के रूप में उपासना विश्वकर्मा ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया।

## अच्छी नींद है आपकी सेहत का आधार

# अपनी नींद में सुधार कर लें तो बेहतर होगी याददाश्त, इन बीमारियों में भी मिलेगा लाभ

अच्छी नींद को सेहत का आधार माना जाता है। अध्ययनकर्ताओं ने बताया कि जिन लोगों की रात की नींद अच्छी होती है उनमें कम नींद लेने वालों की तुलना में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम भी कम होता है। एक रात की भी नींद की समस्या आपको अगले दिन थकान-कमजोरी और चिड़चिड़ेपन का एहसास करा सकती है। वहीं अगर आपको अक्सर ये दिक्कत बनी रहती है यानी आपको अनिद्रा या नींद विकार है तो ये गंभीर रोगों का कारक हो सकती है।

हालिया अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया कि अगर कम उम्र से ही नींद को ठीक रखने के लिए उपाय कर लिया जाएं तो ये आपको बुढ़ापे में याददाश्त जाने की समस्या- डिमेंशिया रोग से बचा सकती है। जिन लोगों की नींद पूरी नहीं होती है उनमें इन विकारों का खतरा अधिक देखा जाता रहा है।

इतना ही नहीं नींद विकारों के कारण आपको कई और भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं जिनको लेकर अलर्ट रहने की सभी लोगों को आवश्यकता है।

### डिमेंशिया का हो सकता है खतरा



नींद विकारों के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानने के लिए किए गए अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि 60 साल से अधिक उम्र के व्यक्तियों में हर साल गहरी नींद में अगर एक फीसदी की भी कमी आती है तो इसके कारण डिमेंशिया होने की आशंका 27 फीसदी तक बढ़ सकती है। अध्ययन में कहा गया है कि अगर कम उम्र से ही गहरी नींद लाने के लिए प्रयास कर लिए जाएं तो बुढ़ापे में याददाश्त जाने वाली इस बीमारी के खतरे को कई गुना तक कम किया जा सकता है। यानी नींद आपके मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए बहुत आवश्यक है।

### वजन को कंट्रोल रखने में ये सहायक

अध्ययनों में हर रात 7 घंटे से कम सोने को नींद की समस्या के तौर पर परिभाषित किया गया है। ये वजन बढ़ने और हाई बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) के जोखिम को बढ़ाने वाली स्थिति हो सकती है। 2020 के एक विश्लेषण में पाया गया कि जो वयस्क प्रतिरात 7 घंटे से कम सोते थे, उनमें मोटापा विकसित होने का जोखिम 41% बढ़ गया था। यानी कि अगर आप वजन को कंट्रोल रखना चाहते हैं तो नींद में सुधार करना बहुत आवश्यक है।



### दिल रहता है स्वस्थ

नींद की गुणवत्ता और अवधि में कमी को हृदय रोगों के खतरे से जोड़कर देखा जाता रहा है। अध्ययनों के विश्लेषण में पाया गया कि प्रतिदिन 7 घंटे से कम सोने से हृदय रोगों से मृत्यु का जोखिम 13% बढ़ जाता है। यदि आप नींद में सुधार करते हैं और रोजाना रात को 7-9 घंटे की निर्बाध नींद लेते हैं तो ये रक्तचाप को कंट्रोल रखने में



सहायक है और इससे गंभीर हृदय रोगों के विकसित होने का जोखिम कम हो सकता है।

### आप डिप्रेशन से रह सकते हैं सुरक्षित

मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं जैसे अवसाद और स्ट्रेस के लिए भी खराब नींद की गुणवत्ता और नींद संबंधी विकारों को एक कारण माना जाता रहा है। 2,672 प्रतिभागियों पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि रोजाना रात में नींद पूरी न कर पाने वाले लोगों में समय के साथ अवसाद होने का खतरा अधिक हो सकता है। अनिद्रा या ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया जैसी नींद संबंधी विकारों से पीड़ित लोगों में भी अवसाद की दर अधिक होती है।



## रक्तचाप संतुलित रखना बड़ी चुनौती, बेचैनी होने पर अनदेखा न करें लक्षण

खराब लाइफस्टाइल का ही असर है कि आजकल हाई बीपी की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। पहले यह बूढ़े बुजुर्गों को बीमारी हुआ करती थी लेकिन अब नौजवान युवा भी इसे पीड़ित हैं। कई बार लोग हाई बीपी के शिकार हो जाते हैं, लेकिन उन्हें यह समझ ही नहीं आता है कि उनका ब्लड प्रेशर हाई है। ऐसे में आज हम उन लक्षणों के बारे में जानेंगे जो हाई बीपी होने पर नजर आने लगते हैं।

### क्या है हाई ब्लड प्रेशर?

बता दे की सामान्य ब्लड प्रेशर 120/80 माना जाता है। अगर इससे ज्यादा बीपी का लेवल बढ़ता है तो इसे हाई ब्लड प्रेशर कहा जाता है। लेकिन आज के दौर में 130/80 भी नॉरमल बीपी माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक अगर ब्लड प्रेशर 140/90 या उससे ज्यादा बढ़ा हुआ है तब इसे हाई ब्लड प्रेशर माना जाता है।



## राज्य स्थापना के रजत महोत्सव पर बस्तर की बेटियों ने राष्ट्रीय स्तर पर जीते 10 पदक



**रायपुर।** पहली राष्ट्रीय आदिवासी कायाकिंग एंड कैनोइंग चैंपियनशिप का आयोजन हैदराबाद हुसैन सागर झील में 28 से 31 अक्टूबर तक किया गया। जूनियर और सीनियर महिला एवं पुरुष वर्ग में हुई प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने 10 पदक जीतकर राज्य को रजत जयंती का तोहफा दिया है

यह उपलब्धि इस लिए भी महत्वपूर्ण हे क्यों की जगदलपुर में प्रशांत सिंह रघुवंशी सहसचिव भारतीय कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ व सहसचिव प्रदेश संघ के निरंतर प्रयास से अभी कुछ साल पहले ही नौकायान के लिए इक्विपमेंट खरीदे गए थे और प्रशिक्षण शुरू हुआ था। एनआईएस कोच अशोक साहू द्वारा वंहा प्रशिक्षण दे रहे हैं। खिलाड़ियों के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कम समय में ऐसा प्रदर्शन उनकी क्षमता को दिखता है। इसके साथ ही एनआईएस कोच पिंकी साहू रायपुर के बूढ़ा तालाब में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रही हैं। यहाँ के भी खिलाड़ी निरंतर पदक जीत रहे है.

आज के परिणाम सी 2 महिला 500 मीटर में मनमती बघेल ब्रोंज मेडल, सी1 महिला 500 मीटर में मनमती बघेल ब्रोंज मेडल, सी 4 मिक्स में ब्रोंज मेडल सीनियर मनमती बघेल, सी 2 मिक्स में ब्रोंज मेडल सागर व मनमती बघेल, सी 1 महिला 500 मीटर में मनमती बघेल ब्रोंज मेडल, सी1 500 मी सीनियर में सतीश कुमार ध्रुव सिल्वर मेडल, के1 500 मी सीनियर में सतदेव बघेल ब्रोंज मेडल, सी 4 500 मी में जूनियर सागर, सुमित, अनुज, ब्रोंज मेडल,के2 500 मी में सब जूनियर ईशा मालती ब्रांज मेडल,सी 2 महिला 200 मीटर में मनमती बघेल ब्रोंज मेडल शामिल हैं। इस अवसर पर बलदेव सिंह भाटिया अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ, रोहित काले कार्यकारी अध्यक्ष, अभिजीत मिश्रा सचिव, प्रशांत सिंह रघुवंशी सहसचिव, अमरजीत छाबड़ा सह सचिव ने बधाई दी है।

## सीएसवीटीयू राज्य स्तरीय फुटबॉल स्पर्धा में झाड़ा सिरसा जीईसी जगदलपुर विजेता

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल (पुरुष वर्ग) प्रतियोगिता का भव्य आयोजन माधवराव सप्रे मैदान, बूढ़ा तरिया, रायपुर में किया गया। इस प्रतियोगिता में राज्यभर के विभिन्न तकनीकी एवं फार्मेसी संस्थानों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी गोविंद अग्रवाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय खेल निदेशक किशोर कुमार भारद्वाज ने की। प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक वरिष्ठ खेल अधिकारी कोंडल राव, तथा विश्वविद्यालय टीम चयनकर्ता कोच द्वय अमन कुमार प्रसाद एवं रविन्द्र सिंह रहे। आयोजन की जिम्मेदारी एसएसआईपीएमटी रायपुर के आयोजन सचिव एवं वरिष्ठ खेल अधिकारी मिर्जा महमूद बेग ने निभाई। सेमीफाइनल में एसएसआईपीएमटी रायपुर ने आरसीईटी आर1 भिलाई को पराजित किया, जबकि जीईसी रायपुर और झाड़ा सिरसा जीईसी जगदलपुर के बीच हुए दूसरे सेमीफाइनल में झाड़ा सिरसा जीईसी जगदलपुर की टीम विजेता रही। फाइनल में एसएसआईपीएमटी रायपुर और झाड़ा सिरसा जीईसी जगदलपुर आमने-सामने हुईं, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए झाड़ा सिरसा जीईसी जगदलपुर ने खिताब अपने नाम किया। अंत में चयन समिति द्वारा सीएसवीटीयू विश्वविद्यालय टीम हेतु -ओमकार जीईसी जगदलपुर, अर्पित एसएसआईपीएमटी रायपुर, अर्पित राय बीआईटी दुर्ग, मोनू दास शा.पॉली.महा. बालोद, आयुष सार्वा बीआईटी दुर्ग, आईसेक सीसीईटी भिलाई, पुष्कर एसएसटीसी भिलाई, वालेश्वर आरएसआर आर 2 भिलाई, कुणाल जीईसी रायपुर, डेनियल रूंगटा फार्मेसी आर1 भिलाई, रिषभ जीईसी जगदलपुर, प्रकाश जीईसी जगदलपुर, तरनजीत एसएसआईपीएमटी रायपुर, सिध्दार्थ एसएसआईपीएमटी रायपुर ,सार्थक बीआईटी दुर्ग, निखिल शा.पॉली महा. बालोद, विकास शा. पॉली. महा. बालोद, केतन एसएसआईपीएमटी रायपुर, भुवन आरसीईटी भिलाई आर1, रितेश दुग्गा जीईसी जगदलपुर, शेख सोहिल एलसीआईटी बिलासपुर, धीरज रूंगटा फार्मेसी आर 1 भिलाई, इशांत रजवाड़े व मिथलेश शा. पॉली. महा. अंबिकापुर का विवि टीम हेतु 24 खिलाड़ी का चयन किया गया है।



राजधानी में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

### इनकी निर्णायक भूमिका

मैदान में निर्णायक भूमिका निभाने वाले रेफरी तौकिर कुरैशी, प्रियतम यादव, आकाश पटवा, विनय फुटान, फहद हुसैन और अब्दाल खान के साथ मुस्ताक अली प्रधान, सागर साहू, शिवम साहू, अजय साहू, एम. संदीप, उमेश साहू, गोपी निषाद सहित सैकड़ों खिलाड़ी एवं खेल अधिकारी उपस्थित रहे।

### विजेता, उपविजेता सम्मानित

समापन में विजेता व उपविजेता टीमों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी गोविंद अग्रवाल व विवि खेल निदेशक किशोर कुमार भारद्वाज, पर्यवेक्षक वरिष्ठ खेल अधिकारी कोंडल राव, वरि. खेल अधिकारी मिर्जा महमूद बेग, मुस्ताक अली प्रधान फुटबॉल संघ के पदाधिकारी करकमलों से ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## कार्नर न्यूज

## गुस्से पर काबू पाने योग का लें सहारा

# भागदौड़ की जिन्दगी में गुस्सा आना कई बार गलत नहीं, राहत के लिए अपनाएं योग

गुस्सा हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। गुस्सा सेहत के लिए, रिश्तों के लिए, आस-पास के लोगों के लिए, किसी के लिए भी अच्छा नहीं होता है। कुछ लोगों को छोटी-छोटी बात पर गुस्सा आ जाता है, जो कि गलत है। कई बार तनाव, कोई उलझन गुस्से का कारण बन सकती है। वहीं, कई लोग गुस्से और चिड़चिड़ेपन को अपनी आदत बना लेते हैं। आपको बता दें कि अगर आप हर छोटी बात पर गुस्सा करते हैं, तो आपकी सेहत खराब हो सकती है। गुस्से को दूर करने के लिए बहुत सारी चीजें जरूरी हैं, जिनमें चीजों को मन में न दबाना, बोलने से पहले सोचना और किसी भी बात पर तुरंत प्रतिक्रिया न देना शामिल है। इसके अलावा, गुस्से को शांत करने के लिए आप इस मुद्रा की मदद ले सकते हैं। इससे न केवल गुस्सा शांत होगा, बल्कि तनाव भी कम होगा। यह जानकारी दिलराज प्रीत कौर दे रही हैं। वह इंटरनेशनल योगा टीचर हैं। साथ ही उत्तराखंड सरकार की योगा ब्रांड एंबेसडर भी हैं।



### गुस्से को कंट्रोल करने के लिए मुष्टी मुद्रा

सबसे पहले सुखासन में बैठ जाएं। फिर अपने हाथों की हथेलियों से मुट्ठी बनाएं। अंगूठा ऊपर की ओर रखें। उंगलियों और अंगूठे को ऐसे मोड़े कि आपका अंगूठा ऊपर से आपकी रिंग फिंगर को छुए। अपनी आंखे बंद करें और गहरी सांस लें। इसे दिन में 3 बार 15 मिनट के लिए करें।

### मुष्टी मुद्रा के फायदे

इससे स्ट्रेस और एंग्यायटी कम होती है व दिमाग को आराम मिलता है।अगर आप इमोशनली परेशान महसूस कर रहे हैं, तो इस जरूर करें।यह शरीर में ऊर्जा को बढ़ाती है। आपके फोकस और मेंटल क्लियरटी को भी बढ़ाती है।कई तरह के दर्द में भी राहत मिलती है।

### मुष्टी मुद्रा करते वक्त सावधानियां

इस मुद्रा को करते वक्त आपको दिमाग को शांत करना चाहिए। सभी नेगेटिव इमोशन्स को छोड़कर पॉजिटिविटी पर फोकस करें और अपनी भावनाओं को साफ रखें।



# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### नोलन ने खोले राज- बताया इस साल की अपनी फेवरेट फिल्म और एक्टर का नाम



दिग्गज फिल्ममेकर क्रिस्टोफर नोलन हाल ही में पॉडकास्ट में नजर आए। दुनिया जहां उनकी फिल्मों की मुरीद है, वहीं डायरेक्टर ने एक एक्टर की हालिया रिलीज फिल्म की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि 2025 में इससे बेहतर दर्शकों को और कुछ नहीं मिल सकता।

ब्रिटिश-अमेरिकी फिल्ममेकर क्रिस्टोफर नोलन के हम सब मुरीद हैं। दो बार ऑस्कर अवॉर्ड जीत चुके नोलन अपनी अद्भुत और लीक से हटकर स्टोरी टेलिंग के लिए जाने जाते हैं। फिर चाहे 2002 में आई 'इनसोमनिया' हो, 'द डार्क नाइट ट्रिलॉजी' हो, या फिर 'इन्सेप्शन', 'इंटरस्टेलर' या 'ओपेनहाइमर', दिग्गज डायरेक्टर ही हर फिल्म ने अमिट छाप छोड़ी है। मजेदार बात यह है कि हाल ही एक पॉडकास्ट में पहुंचे नोलन ने एक हालिया रिलीज फिल्म और इसके लीड एक्टर की जमकर तारीफ की है। उन्होंने खुद को 'फैन' बताते हुए कहा कि साल 2025 में वर्ल्ड सिनेमा को इससे बेहतर कुछ और नहीं मिल सकता। 'द डायरेक्टर्स कट पॉडकास्ट' पर आए क्रिस्टोफर नोलन ने जिस फिल्म की इतनी तारीफ की है, वो है इसी महीने अक्टूबर में रिलीज हुई 'द स्मैशिंग मशीन', जिसमें ड्वेन जॉनसन लीड रोल में हैं। पॉडकास्ट में नोलन के साथ 'द स्मैशिंग मशीन' के डायरेक्टर बेनी सफी भी मौजूद थे। फिल्म में ड्वेन जॉनसन की एक्टिंग को 'दिल तोड़ने वाला' बताते हुए नोलन ने कहा, 'मुझे लगता है कि ड्वेन का मार्क का किरदार 'अविश्वसनीय' है। मुझे लगता है कि यह एक अविश्वसनीय परफॉर्मेंस है और आप इस साल या अगले कई साल में इससे बेहतर काम नहीं देख पाएंगे।'

## टॉलीवुड

### बाहुबली 3 पर प्रोड्यूसर शोबू ने तीसरे पार्ट पर तोड़ी चुप्पी, सरप्राइज मिलेगा आज



'बाहुबली' के प्रोड्यूसर शोबू यारलागड्डा ने 'बाहुबली 3' को लेकर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा है कि टीम के पास कहानी को लेकर कई आइडियाज हैं। वहीं दूसरी ओर, उन्होंने 31 अक्टूबर को रिलीज हो रही 'बाहुबली: द एपिक' पर भी बात की है।

एसएस राजामौली के डायरेक्शन में बनी 'बाहुबली' और 'बाहुबली 2' ने भारतीय सिनेमा की तस्वीर बदल दी। इन दोनों फिल्मों ने जहां सही मायने पैन इंडिया रिलीज ट्रेंड की शुरुआत की, वहीं बॉक्स बॉफिस पर बंपर कमाई। साल 2017 में 'बाहुबली 2: द कन्क्लूजन' की रिलीज के बाद से यह चर्चा आम रही है कि क्या मेकर्स इसका तीसरा पार्ट यानी 'बाहुबली 3' भी लेकर आएंगे। अब छह साल बाद जब सिनेमाघरों में पिछली दोनों फिल्मों को मिलाकर 'बाहुबली: द एपिक' को रिलीज किए जाने की तैयारी है, फ्रैंचाइज के निर्माता शोबू यारलागड्डा ने तीसरे पार्ट पर चुप्पी तोड़ी है। इंटरव्यू में, शोबू यारलागड्डा ने 'बाहुबली 3' को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि अभी इसके तीसरे पार्ट को लेकर कोई योजना नहीं है। हालांकि, प्रोड्यूसर ने इस बात पर जोर दिया कि टीम अन्य प्रारूपों यानी सीरीज या शो के जरिए 'बाहुबली' की दुनिया को आगे बढ़ाने में जरूर रुचि रखती है। निर्माता ने पिछले दोनो पार्ट की री-रिलीज 'बाहुबली: द एपिक' पर बात करते हुए कहा, 'फैंस को यह फिल्म दो-पार्ट वाली महागाथा को पर्दे पर एक बार फिर ग्रैंड एक्सपीरियंस देगी।' उन्होंने कहा, 'नहीं, 'बाहुबली 3', बिल्कुल नहीं। लेकिन हमारे पास कुछ और सरप्राइज हो सकते हैं, पर 'बाहुबली 3' नहीं। 'बाहुबली 3' के लिए अभी बहुत काम करना बाकी है।' शोबू यारलागड्डा ने कहा कि 'बाहुबली' की दुनिया में अभी भी कहानी को आगे बढ़ाने की भरपूर संभावनाएं हैं।

## भोजपुरी

### लव लेटर से शुरू हुई प्रेम कहानी बदल गई आंसुओं में, रुला देगा ट्रेलर



माही श्रीवास्तव और रितेश उपाध्याय की नई भोजपुरी फिल्म 'उमा' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। करीब चार मिनट का यह ट्रेलर ऐसा है, जो आपको भावुक कर देता है। कहानी एक प्यारी सी प्रेम कहानी की है, जिस पर गम की बिजलियां गिरती हैं। भोजवुड में हमेशा से एक्शन फिल्मों का बोलबाला रहा है। तड़क-भड़क वाले गीत संगीत का जोर है। ऐसे में डायरेक्टर अनंजय रघुराज एक ऐसी दिल छू लेने वाली कहानी लेकर आ रहे हैं, जिसके करीब चार मिनट के ट्रेलर को देखकर ही आप का दिल भर आएगा। माही श्रीवास्तव और रितेश उपाध्याय स्टारर फिल्म 'उमा' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के बैनर तले बनी इस फिल्म की कहानी में वो सबकुछ है, जो आप एक बेहतरीन ड्रामा फिल्म से उम्मीद करते हैं। एक अच्छी दिल छू लेने वाली कहानी, प्यार का रूमानी एहसास और दर्द का समंदर। 'उमा' की कहानी इसके डायरेक्टर अनंजय रघुराज ने ही लिखी है। फिल्म को रत्नाकर कुमार ने प्रोड्यूस किया है। स्कीनप्ले और डायलॉग अरबिंद तिवारी और राकेश त्रपिाठी का है। जबकि इसके गीतों को संगीत से सजाने का काम साजन मिश्रा ने किया है। गीतकार धरम हिंदुस्तानी हैं।

भोजपुरी फिल्म 'उमा' के ट्रेलर की शुरुआत माही और रितेश के रूमानी प्यार से होती है। तांका-झांकी, कभी साइकिल तो कभी स्कूटर से पीछा और फिर प्रेम पत्र का दौर। दो जवान आत्मा एक-दूसरे की मोहब्बत में अभी डूब ही रही होती है कि उनकी प्रेम कहानी को गांव के कुछ लोगों की नजर लग जाती है।




टमाटर की रंगत बिखेरता लाल रंग फैशन की दुनिया में अलहदा पहचान रखता है। मॉडल लाक्वान स्मिथ, बोटेगा वेनेटा, प्रबल गुरुंग और बाल्मेन ने हाल ही में लंदन फैशन शो में इस टमाटरी रंगत की खूब नुमाइश की। हालांकि यह चटक वसंत ऋतु का लाल रंग है लेकिन इस मौसम में भी इसके पूरे आउटफिट्स रनवे पर छाए रहे और यहाँ-वहाँ इसके कुछ हिस्से भी दिखाई दिए।

# त्वचा को रखना है स्वस्थ तो ऐसे तैयार करें फेस मिस्ट

मौसम ने करवट लेना शुरू कर दिया है। जैसे-जैसे मौसम बदलता है, वैसे-वैसे खाने-पीने से लेकर रहन-सहन तक में काफी बदलाव सा आ जाता है। मौसम के बदलाव में सबसे ज्यादा त्वचा को खास तरह के स्किन केयर की जरूरत होती है। अगर शुरुआती दिनों में त्वचा का ध्यान रख लिया जाए तो सर्दियों में भी त्वचा काफी स्वस्थ रहती है। त्वचा को सर्दियों में हाइड्रेट रखने के लिए लोग फेस मिस्ट का इस्तेमाल करते हैं लेकिन बहुत से लोगों को बाजारों में मिलने वाले केमिकल वाले फेस मिस्ट इस्तेमाल करने से डर लगता है। ऐसे में आज हम आपको घर पर फेस मिस्ट बनाने का सही तरीका बताएंगे। फेस मिस्ट का इस्तेमाल त्वचा को तरोताजा रखने के लिए किया जाता है। इसको घर पर बनाना बेहद आसान है। आइए आपको घर पर फेस मिस्ट बनाना बताते हैं, ताकि आप केमिकल वाले मिस्ट से छुटकारा पा सकें।

### ग्रीन टी फेस मिस्ट

अगर आपकी त्वचा काफी ऑयली है और उस पर कई मुंहासे हैं तो ग्रीन टी फेस मिस्ट आपके लिए काफी फायदेमंद रहेगा। इसके इस्तेमाल से पिंपल्स की समस्या भी खत्म होती है।

### इसे बनाने का तरीका

इसके लिए आधा कप पानी में ग्रीन टी बैग डालें और इस पानी को ठंडा होने दें। जब ये ठंडा हो जाए तो इसमें दो से तीन चम्मच गुलाब जल मिलाएं। इसके बाद इस पानी को स्प्रे बोतल में भर दें। इसे फ्रिज में रखकर आप एक हफ्ते तक इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। चेहरा धोने के बाद इसे चेहरे पर स्प्रे करें।

### खीरा फेस मिस्ट



जिस तरह से खीरे का सेवन त्वचा के लिए फायदेमंद होता है, ठीक उसकी तरह ही इससे बना फेस मिस्ट भी त्वचा की कई परेशानियों को दूर करता है। इससे त्वचा लंबे समय तक हाइड्रेट रहती है।


### इसे बनाने का तरीका

अगर आप घर पर इसे बनाना चाहते हैं तो एक खीरा लेकर इसे सबसे पहले पीस लें। इसके बाद खीरे का रस निकालकर इसमें 6 से 8 बूंदे एसेंशियल ऑयल की बूंदे मिलाएं। इसके साथ ही इसमें गुलाब जल मिलाएं। अब एक स्प्रे बोतल में भरकर आप इसका इसका इस्तेमाल हर रोज सुबह कर सकती हैं।

### जान लें इसके फायदे

वैसे तो बाजार में आपको आसानी से फेस मिस्ट मिल जाएगा, लेकिन अगर आप घर पर इसे बनाएंगे तो इसमें किसी तरह का कोई केमिकल नहीं मिला होगा। घर पर बना फेस मिस्ट काफी फ्रेश भी होता है, जिससे इससे त्वचा काफी खिली-खिली रहती है।

# अपने श्रृंगार में शामिल करें इन्हें देखकर खुश हो जाएंगे पतिदेव



त्योहार, शादियों और पार्टियों के इस मौसम में महिलाएं खूब अच्छे से साज-श्रृंगार करती हैं। महिलाएं इसकी तैयारी भी पूरी कर रखती है। खास कर सुहागिन महिलाओं के लिए कुछ खास त्यौहारों पर 16 श्रृंगार करने की भी परंपरा है। वैसे तो महिलाएं इसके लिए पूरी तैयारी कर ही लेती हैं, लेकिन परेशानी उन महिलाओं के सामने आती है, जिनकी नई-नई शादी हुई है। दरअसल, नई दुल्हनों को ये समझ ही नहीं आता कि वो खास मौके पर कैसे तैयार हों। आपको इस बारे में जरूर जानना चाहिए कि अपने श्रृंगार में क्या शामिल करें।





### लाल साड़ी को दें प्राथमिकता

अगर शादी के बाद पहली बार किसी पारिवारिक फंक्शन में जा रही हैं तो अपनी शादी के खास ड्रेस को प्राथमिकता दें। अगर आप शादी का लहंगा नहीं पहनना चाहतीं तो लाल रंग की साड़ी को ही प्राथमिकता दें। ये देखने में काफी प्यारी लगती है।

### लाल और हरी चूड़ी

त्यौहारों का दिन महिलाओं के लिए बेहद खास होता है। ऐसे में लाल साड़ी के साथ आप हरे रंग की चूड़ियां पहन सकती हैं। ये आपके लुक को और ज्यादा खूबसूरत बनाने में मदद करेंगी। अगर आप हरी चूड़ी नहीं पहनना चाहतीं तो लाल रंग के चूड़ा को पहनकर अपना लुक पूरा करें।

### मांग टीका

अपने श्रृंगार को पूरा करने के लिए मांगटीका जरूर पहनें। ये सुहागिनों के लिए काफी अहम होता है।

### जरूर लगाएं सिंदूर

सिंदूर को सुहागिन महिलाओं की निशानी माना जाता है। ऐसे में तैयार होते वक्त सिंदूर लगाना ना भूलें। आपके सुहागन लुक को सिंदूर ही पूरा कर सकता है। इसके बिना आपका श्रृंगार अधूरा है।

### गजरा

अगर आप पारंपरिक रूप से तैयार होना चाहती हैं तो बालों में गजरा जरूर लगाएं। ये देखने में काफी प्यारा लगता है।

# पार्लर जाने के बजाय घर पर करें हेयर स्मूदनिंग

अगर आपके बाल फ्रिजी, वेवी और थोड़े से घुंघराले हैं, तो आपके लिए हेयर स्मूदनिंग बेस्ट हो सकती है। स्मूदनिंग से आपके बाल स्ट्रेट और शाइनी हो जाएंगे। यही कारण है कि आजकल महिलाओं के बीच हेयर स्मूदनिंग का क्रेज बढ़ गया है। लेकिन अब आप सोच रही होंगी कि इसके लिए तो आपको पार्लर जाना पड़ेगा और हजारों रूपये खर्च करने पड़ेंगे। लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है। आप चाहें तो घर पर भी हेयर स्मूदनिंग कर सकती हैं।

स्मूदनिंग करने के लिए सबसे पहले अपने बालों को माइल्ड फॉर्मूला वाले शैंपू से धो लें। यानी एक ऐसा शैंपू जिसमें केमिकल की मात्रा कम हो। अगर आपके बाल ज्यादा डैमेज हैं तो आप ओट मिल्क और शहद से बने शैंपू का इस्तेमाल कर सकती हैं। इन दोनों चीजों में ऐसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं जो डैमेज बालों को सही करने और उन्हें मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

बालों को शैंपू से धोने के बाद अगला स्टेप इन्हें सुखाना है। आपको बालों को सुखाने के लिए ब्लो ड्रायर का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे



बालों में मौजूद मॉइश्चर के ट्रेसिस नजर नहीं आएंगे। बालों को सुखाने के लिए इन्हें चार सेक्शन में डिवाइड कर दें। फिर एक-एक सेक्शन को ब्लो ड्रायर से सुखा लें। ऐसा करने से आपके बाल पूरी तरह से सुख जाएंगे।

हेयर स्मूदनिंग के लिए तीसरा स्टेप है, बालों में स्मूदनिंग क्रीम लगाना। आप चाहें तो मार्केट से भी यह क्रीम खरीद सकती हैं। या फिर घर पर भी बना सकती हैं। बालों में स्मूदनिंग क्रीम लगाने के लिए आपको मास्किंग ब्रश चाहिए होगा।

# आइब्रो के बालों को घना बनाने करें तेल का इस्तेमाल

आइब्रो के बालों को घना बनाने के लिए आप घरेलू चीजों का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। यह एक ऐसा घरेलू नुस्खा है, जिसकी मदद से आप आसानी से घर पर मौजूद चीजों से आइब्रो हेयर की देखभाल कर इन्हें घना बना पाएंगी। आप एलोवैरा जेल और कैस्टर आइल का इस्तेमाल कर सकती हैं।

एलोवेरा में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स आइब्रो के बालों को पोषण देने में मदद करते हैं। यह त्वचा के रूखेपन को कम करने में मदद करता है। बालों और स्किन को डीप क्लीन करने के लिए एलोवेरा बेहद फायदेमंद होता है। कैस्टर ऑयल आइब्रो के बालों को थिक बनाने में बेहद मददगार होता है। साथ ही कैस्टर ऑयल आइब्रो हेयर को मॉइस्चराइज करने में मदद करता है। इसके अलावा इसमें मौजूद तत्व आइब्रो हेयर को जड़ से मजबूत बनाने का काम करती हैं। आइब्रो को घना बनाने के लिए आप नारियल तेल और अरंडी के तेल को मिलाकर लगा सकते हैं। इन तेलों को रात में सोने से पहले आइब्रो पर हल्के हाथ से मसाज करते हुए लगाएं और सुबह धो लें।

### विभिन्न तेलों का उपयोग कैसे करें

नारियल तेल में मौजूद फैटी एसिड और विटामिन ई बालों के विकास को बढ़ावा देते हैं। अरंडी के तेल में



मौजूद राइसीनोलिक एसिड बालों की ग्रोथ को तेज करने में मदद करता है। जैतून का तेल हेयर फॉलिकल्स को मजबूत बनाने और ग्रोथ को बढ़ावा देने में सहायक है। एक छोटा चम्मच नारियल तेल और एक छोटा चम्मच जैतून का तेल लें। दोनों तेलों को अच्छी तरह मिलाएं। रात को सोने से पहले इस मिश्रण को अपनी आइब्रो पर हल्के हाथों से 5-10 मिनट तक मालिश करें। रातभर के लिए इसे लगा रहने दें। अगली सुबह इसे सामान्य पानी से धो लें।

अन्य विकल्प पर भी आप विचार कर सकती हैं। अरंडी के तेल को पेट्रोलियम जेली के साथ मिलाकर लगाने से भी फायदा होता है, रोज़मेरी तेल को नारियल या बादाम तेल के साथ मिलाकर लगाया जा सकता है।

कार्नर न्यूज

## पार्टियों में आपकी तैयारी होनी चाहिए खास

# कॉकटेल पार्टी के लिए कैसे हों तैयार कि आप बन जाएं महफिल की शान, जानिए खास टिप्स

कॉकटेल पार्टी का इनविटेशन आया है लेकिन कपड़े क्या पहने समझ नहीं पा रहे हैं तो आपको कॉकटेल पार्टी से जुड़े कुछ खास टिप्स जरूर आजमाने चाहिए। ये वो टिप्स हैं जो कॉकटेल पार्टी के लिए सही से तैयार होने में आपकी पूरी मदद करेंगे। आप इन कपड़ों में परफेक्ट दिखेंगे और पार्टी की शान बन जाएंगे। इस बात की गारंटी है। कॉकटेल पार्टी के लिए कैसे होने चाहिए कपड़े, जानते हैं।

कॉकटेल अटायर आमतौर पर कॉकटेल पार्टी, शाम के इवेंट, रिसेप्शन और डिनर डेट पर पहनते हैं। वेलवेट और सिल्क जैसे फैब्रिक कॉकटेल पार्टी में अच्छे लगते हैं। इस पर कुछ खास तरह के चेक हों तो और अच्छा है। कॉकटेल पार्टी में पूरी तरह से फॉर्मल कपड़े ही पहनने होते हैं। लेकिन ऐसा नहीं है कि कैजुअल पहनेंगे तो दिक्कत होगी। बस इसे खास तरह से पहनना होगा। जैसे आप टीशर्ट पहन सकते हैं लेकिन कोट के अंदर। डेनिम को भी इसी तरह ड्रेस में शामिल किया जा सकता है।

ज्यादातर बार कॉकटेल पार्टी के



लिए रंग का इनविटेशन में ही बता दिया जाता है। लेकिन फिर भी आपको रंग का इस्तेमाल करना ना समझ आए तो आप उन रंगों को एसेसरीज में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। आपको कपड़ों के रंग भी गहरे और थोड़े रिच ही चुनने होंगे। मिडनाइट ब्लू भी एक अच्छा ऑप्शन होता है, इस कलर में फोटो भी अच्छी आती है। आप अंदर सफ़ेद टी शर्ट भी पहन सकते हैं। ये लुक तेज रोशनी में बहुत अच्छा लगेगा। आपने कितने भी अच्छे कपड़े पहने हों लेकिन आपने इनकी साफ-साफी अपर ध्यान नहीं दिया है तो आपकी साड़ी मेहनत बेकार ही जाएगी। इसलिए कड़े वही चुनें जो साफ़ हों और जिनमें अच्छे से क्रीज बनी हो।

कॉकटेल पार्टी में आकर्षक दिखने के लिए, एक स्टाइलिश अटायर चुनें जिसमें फैब्रिक, रंग और एक्सेसरीज़ का ध्यान रखें, जैसे कि शाम के लिए डार्क या मैटेलिक रंगों के परिधान पहनना और स्टेटमेंट ज्वेलरी या बारलेट को शामिल करना। अपनी साफ-सफाई और ग्रूमिंग का भी ध्यान रखें।

### पहनावा और स्टाइल

कॉकटेल अटायर के लिए, आप नी-लेंथ या टी-लेंथ ड्रेस, स्कर्ट और ब्लाउज पहन सकती हैं। रंगों में डार्क या मैटेलिक रंग क्लासिक पसंद होते हैं। इनके साथ एक्सेसरीज़ के तौर पर स्टेटमेंट नेकलेस, स्पार्कलिंग इयररिंग्स या चिक बारलेट आपकी पोशाक को निखार सकते हैं। सुनिश्चित करें कि आपके कपड़े और आप खुद साफ-सुथरे और ग्रूमड दिखें।

